## अग्निकांड में निर्दोष छात्रों की असामयिक मृत्यु अत्यन्त पीड़ादायक-अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ 23 जून। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने लखनऊ के अलीगंज में हुये हृदय विदारक अग्निकांड में निर्दोष छात्रों की असामयिक मृत्यु के समाचार को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुये कहा कि इस अपार दुख की घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें। श्री दुबे ने इस घटना पर शोक व्यक्त करने के साथ साथ प्रशासन से जवाबदेही तय करने और भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों और भवन निर्माण व प्रबंधन की कमियों का पता चल सके।

## लखनऊ में हुई अग्निकांड की दुःखद घटना अत्यन्त हृदय विदारक



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ में हुई अग्निकांड की दुःखद घटना पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजन मिश्र ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना से अत्यंत व्यथित हूँ। इस हादसे में दिवंगत हुए विद्यार्थियों एवं अन्य नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। श्री मिश्र ने कहा कि लापरवाही की जाँच हो, ज़िम्मेदारी तय हो और दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो।

# संघर्ष, समर्पण और समाजवादी विचारधारा की पहचान बने अमरपाल सिंह

## छात्र राजनीति से लेकर विधानसभा की दावेदारी तक, तीन दशक के संघर्ष को मिला सम्मान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। समाजवादी आंदोलन का इतिहास केवल चुनावी जीत और हार तक सीमित नहीं है बल्कि यह उन कार्यकताओं और नेताओं के संघर्ष त्याग और समर्पण की कहानी है जिन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी समाजवादी विचारधारा को जीवित रखा ऐसे ही नेताओं में एक प्रमुख नाम अमरपाल सिंह का जिनका राजनीतिक जीवन संगठन निर्माण जनसेवा और विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक माना जाता।

समाजवादी पार्टी के गठन के बाद से प्रदेश की राजनीति में अनेक चेहरे उभरे और स्थापित हुए लेकिन कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका जीवन स्वयं एक आंदोलन बन जाता अमरपाल सिंह का नाम भी उन्हीं नेताओं में शुमार किया जाता जिन्होंने छात्र राजनीति से लेकर मुख्यधारा की राजनीति तक अपने संघर्ष और मेहनत के बल पर अलग पहचान बनाई।

### केकेसी महाविद्यालय से शुरू हुई संघर्ष की यात्रा

राजधानी लखनऊ के प्रतिष्ठित केकेसी महाविद्यालय में उस समय समाजवादी विचारधारा को स्थापित करना आसान नहीं माना जाता था परिसर में समाजवादी छात्र राजनीति का प्रभाव सीमित था और विरोधी विचारधाराओं का दबदबा माना जाता था ऐसे समय में युवा अमर पाल सिंह ने अपने साहस नेतृत्व क्षमता और समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पण के बल पर छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर नया इतिहास रच दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह जीत केवल एक छात्रसंघ चुनाव की जीत नहीं थी बल्कि समाजवादी विचारधारा की बड़ी विजय थी। इस जीत के बाद केकेसी महाविद्यालय में समाजवादी छात्रसभा का प्रभाव तेजी से बढ़ा और संगठन को नई दिशा मिली।

### विकास कार्यों और सक्रिय नेतृत्व की बनी पहचान

छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में अमरपाल सिंह ने केवल राजनीतिक गतिविधियों तक स्वयं को सीमित नहीं रखा बल्कि छात्र हितों और महाविद्यालय के विकास के लिए भी अनेक कार्य किए उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की स्मृतियां आज भी महाविद्यालय परिसर में स्थापित शिलान्यास पट्टों के रूप में मौजूद। छात्र राजनीति से जुड़े लोगों का कहना कि उनके कार्यकाल में छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया और प्रशासनिक स्तर पर उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए गए यही कारण रहा कि उन्हें छात्र समुदाय का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

### अखिलेश यादव के कार्यक्रमों से मिली नई पहचान

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अमरपाल सिंह के नेतृत्व के दौरान केकेसी महाविद्यालय समाजवादी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन गया इसी दौर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित हुए जिससे संगठन को नई ऊर्जा और नई पहचान मिली। कार्यकताओं के अनुसार उस समय केकेसी महाविद्यालय में समाजवादी आंदोलन की जो मजबूत नींव रखी गई उसका प्रभाव वर्षों तक छात्र राजनीति में दिखाई देता रहा।

### नेतृत्व निर्माण में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

अमरपाल सिंह की सबसे बड़ी विशेषता केवल स्वयं राजनीति में सक्रिय रहना नहीं रही बल्कि उन्होंने अनेक युवाओं को नेतृत्व के लिए तैयार किया उनके मार्गदर्शन में राजनीति की शुरूआत करने वाले कई युवा बाद में समाजवादी पार्टी और अन्य सामाजिक संगठनों में महत्वपूर्ण



जिम्मेदारियों तक पहुंचे। लखनऊ विश्वविद्यालय और छात्र राजनीति से जुड़े कई वरिष्ठ लोगों का मानना है कि अमरपाल सिंह ने संगठन निर्माण के साथ-साथ नेतृत्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण कार्य किया जिसका लाभ समाजवादी आंदोलन को लंबे समय तक मिलता रहा।

### आंदोलनों, गिरफ्तारियों और संघर्षों का लंबा इतिहास

अमरपाल सिंह का राजनीतिक जीवन संघर्षों से भरा रहा छात्र जीवन से ही उन्होंने जनहित के मुद्दों, युवाओं के अधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों को लेकर अनेक आंदोलनों का नेतृत्व किया इस दौरान कई बार धरना-प्रदर्शन हुए, गिरफ्तारियां हुईं और जेल भरो आंदोलनों में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। विपक्षी सरकारों के दौरान उन्हें राजनीतिक प्रताड़ना और प्रशासनिक दबाव का भी सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने कभी अपने विचारों और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया उनके समर्थकों का कहना कि कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने समाजवादी विचारधारा के झंडे को झुकने नहीं दिया।

### संगठन को हमेशा रखा सर्वोपरि

राजनीति में अक्सर ऐसे अवसर आते जब लंबे समय तक संघर्ष करने वाले कार्यकताओं को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल पाता अमरपाल सिंह के जीवन में भी ऐसे कई अवसर आए जब उनसे बाद में राजनीति में आने वाले लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने कभी संगठन के प्रति अपनी निष्ठा कम नहीं होने दी।

उनके करीबी बताते कि उन्होंने हमेशा व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर पार्टी और विचारधारा को रखा यही कारण है कि संगठन के भीतर उन्हें एक निष्ठावान और भरोसेमंद नेता के रूप में देखा जाता।

### मोहनलालगंज में निभाई निर्णायक भूमिका

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में जब प्रदेश में भाजपा की प्रचंड लहर थी तब भी मोहनलालगंज क्षेत्र में समाजवादी संगठन को मजबूत बनाए रखने में अमर पाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती कार्यकताओं का कहना है कि उन्होंने चुनावी प्रबंधन, संगठन विस्तार और जनसंपर्क में अहम योगदान दिया, जिसका सकारात्मक प्रभाव चुनाव परिणामों में दिखाई दिया।

### लखनऊ कैंट से प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकताओं में उत्साह

समाजवादी पार्टी द्वारा अमर पाल सिंह को लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद कार्यकताओं में उत्साह का माहौल पार्टी नेताओं का मानना कि यह निर्णय संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठा, संघर्ष और समर्पण का सम्मान। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार अमरपाल सिंह की पहचान केवल एक नेता के रूप में नहीं बल्कि एक ऐसे कार्यकर्ता के रूप में रही जो वर्षों तक जनता के बीच सक्रिय रहा युवाओं, व्यापारियों, कर्मचारियों और समाज के विभिन्न वर्गों में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती।

### जनता के विश्वास को जीतने की चुनौती

लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतर रहे अमरपाल सिंह के सामने जनता का विश्वास जीतने और क्षेत्रीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की चुनौती होगी हालांकि उनके समर्थकों का दावा कि लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रहने के कारण उन्हें जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनका संघर्षपूर्ण जीवन संगठनात्मक अनुभव और जनसंपर्क क्षमता उन्हें एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में स्थापित करती।

### संघर्ष से सम्मान तक का सफर

अमरपाल सिंह की राजनीतिक यात्रा इस बात का प्रमाण है कि राजनीति में संघर्ष धैर्य और निष्ठा का महत्व कभी समाप्त नहीं होता छात्र राजनीति से शुरू हुआ उनका सफर आज विधानसभा की दावेदारी तक पहुंच चुका यह केवल एक व्यक्ति की सफलता की कहानी नहीं बल्कि उन हजारों समाजवादी कार्यकताओं के संघर्ष का सम्मान भी है जो वर्षों से विचारधारा और संगठन के लिए समर्पित रहे। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को उम्मीद कि अमरपाल सिंह अपने अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व और जनसमर्थन के बल पर लखनऊ कैंट की जनता की आवाज को मजबूती से विधानसभा तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ मां-बेटी का वीडियो वायरल, पुलिस ने शुरू की गहन जांच

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां गांव के मजरा रमपुरा का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा वीडियो में एक महिला और उसकी बेटी हाथ में तमंचा लिए दिखाई दे रही दोनों कथित रूप से असलहे को चलाने का प्रयास करती नजर आ रही। वीडियो के वायरल होते ही क्षेत्र में चचाओं का दौर शुरू हो गया और लोगों के बीच सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार वीडियो सामने आने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में इसकी काफी चर्चा हालांकि वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया और उस समय की वास्तविक परिस्थितियां क्या थीं इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी कुछ ग्रामीण इसे पुराना वीडियो बता रहे जबकि कई लोग इसकी सत्यता की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगोहां पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी पुलिस वीडियो में दिखाई दे रही महिला और युवती की पहचान करने के साथ-साथ यह भी पता लगा रही कि उनके हाथ में दिखाई दे रहा असलहा वास्तविक या नहीं तथा यदि वास्तविक है तो उसका लाइसेंस या नहीं साथ ही वीडियो किसने बनाया और इसे सोशल मीडिया पर किस उद्देश्य से वायरल किया गया इसकी भी पड़ताल की जा रही । पुलिस अधिकारियों का कहना कि तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय जांच और अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# मोहनलालगंज व पीजीआई के समर्थन से मजबूत हुआ विजय कुमार बन्धु का जनसंपर्क अभियान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। स्नातक क्षेत्र विधान परिषद चुनाव के प्रत्याशी विजय कुमार "बन्धु" की जनजागरण यात्रा को सोमवार को मोहनलालगंज बार एसोसिएशन का प्रमुख समर्थन मिला तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला एवं महामंत्री राम लखन यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और अधिवक्ता समाज से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विजय कुमार "बन्धु" ने कहा कि अधिवक्ताओं शिक्षकों



कर्मचारियों स्नातकों और युवाओं के हितों की रक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री राम लखन यादव ने अधिवक्ता समाज की समस्याओं और अपेक्षाओं को विस्तार से रखा तथा न्यायिक व्यवस्था से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर प्रभावी पहल की आवश्यकता पर जोर दिया वहीं बार अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने भी अधिवक्ताओं की आवाज को विधान परिषद तक पहुंचाने की अपेक्षा व्यक्त की कार्यक्रम में अटेवा के विधिक सलाहकार नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। बार परिसर में हुए स्वागत के बाद जनजागरण यात्रा ब्लॉक मोहनलालगंज कार्यालय पहुंची जहां सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव, प्रभाकर चौरसिया, पंकज सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने स्वागत कर समर्थन का भरोसा दिलाया इससे पूर्व पीजीआई में नर्सिंग स्टाफ ने भी यात्रा का स्वागत किया। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी इस जनजागरण यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही, जिसके बाद विजय कुमार "बन्धु" अपने अगले कार्यक्रम के लिए रायबरेली रवाना हो गए।

# मिशन-2027 में जुटीं अर्चना रावत

### मोहनलालगंज में गांव-गांव पहुंचकर मजबूत कर रहीं सपा का जनाधार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी इसी क्रम में समाजवादी पार्टी ने मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने के लिए सक्रिय अभियान शुरू कर दिया पार्टी की जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर कार्यकताओं को संगठित करने के साथ-साथ आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रही उनके नेतृत्व में चल रहा अभियान गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच रहा जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा। अर्चना रावत इन दिनों 'मिशन-2027' के तहत मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों, मजरों और गली-मोहल्लों का लगातार दौरा कर रही जनसंपर्क अभियान के दौरान वह ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रही और समाजवादी पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विजन को विस्तार से लोगों के सामने रख रही स्थानीय लोगों के बीच बैठकों का आयोजन कर शिक्षा, रोजगार, किसान, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की जा रही।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही उद्देश्य

अर्चना रावत ने कहा कि समाजवादी पार्टी का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी आवाज बनना उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान जो भी स्थानीय समस्याएं सामने आ रही उन्हें संबंधित



अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास किया जा रहा उनका मानना कि जनता के बीच लगातार बने रहने और उनकी समस्याओं को समझने से ही मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित की जा सकती ।

### बूथ स्तर पर संगठन को बनाया जा रहा मजबूत

उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने का अभियान भी तेज कर दिया गया प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकताओं की टीम तैयार की जा रही जो लगातार जनता के संपर्क में रहकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दे रही इसके साथ ही नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का अभियान भी चलाया जा रहा।

### महिलाओं और युवाओं की बढ़ रही भागीदारी

जनसंपर्क अभियान में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिल रही विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा कर रहे अर्चना रावत का कहना है कि समाजवादी पार्टी की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर क्षेत्र के लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे और बदलाव की उम्मीद के साथ संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग कर रहे।

### कार्यकताओं में दिख रहा उत्साह

लगातार चल रहे इस अभियान से पार्टी कार्यकताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने में जुटे अर्चना रावत ने विश्वास जताया कि संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की सक्रियता और जनता के सहयोग के दम पर समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में मोहनलालगंज सीट पर मजबूती से अपनी दावेदारी पेश करेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# आपका विधायक, आपके द्वार के 172वें संस्करण का आयोजन,

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र के बेंती स्थित कल्लनखेड़ा गांव में रविवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित जनसंपर्क एवं समस्या समाधान अभियान "आपका विधायक, आपके द्वार" के 172वें संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त कर उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सड़क एवं नाली निर्माण, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, हैंडपंप, बिजली, सोलर लाइट, पानी की टंकी, तालाब सौंदर्यीकरण और साइकिल उपलब्ध कराने सहित विभिन्न जनसमस्याएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में विधायक टीम ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तत्काल निस्तारण कराया। इस मौके पर 70 वर्ष से अधिक आयु के दो वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड कार्यक्रम स्थल पर ही बनवाए गए। वहीं टेंडर पाम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 46 लोगों ने आँखों की जांच कराई। साथ ही विधायक की ओर से 30 जरूरतमंद बुजुर्गों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। जबकि युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से 186वें बॉयज यूथ क्लब और 121वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। इस दौरान बच्चों एवं बालिकाओं को क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कैरम किट वितरित की गईं। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं की काजल, राधा, शिवा और कक्षा 12वीं की आरती को साइकिल प्रदान की गई। बाद में तारा शक्ति रसोई द्वारा मौजूद सभी लोगों को भोजन की व्यवस्था की गई।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कराई रिपोर्ट दर्ज,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में रविवार शाम दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के गौरी विहार कॉलोनी निवासी विशाल निगम का कहना है कि रविवार शाम करीब छह बजे वह हैडिल पार्क के पास खड़े थे, तभी राहुल, आशू, राकेश लम्बू, सुमित, शिवम शुक्ला, प्रवीण पांडे, गुड्डू सहित तीन-चार अन्य लोगों ने हमला कर दिया। विशाल का आरोप है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड, लाठी और डंडों से हमला कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका सिर फट गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उसकी करीब आठ ग्राम सोने की चेन भी कहीं गिर गई। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से जयराज पुरी कॉलोनी के आर्यन चौरसिया ने आरोप लगाया कि शाम करीब 5:45 बजे वह गणेश कश्यप के साथ अपने घर के पास मंदिर के सामने खड़े थे तभी सफेद इनोवा से पहुंचे विनय निगम, लकी निगम, अननय, विनीत और अन्य लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने आए स्थानीय लोगों के साथ भी आरोपियों ने हाथापाई की। बाद में भीड़ बढ़ती देख आरोपी मारपीट कर घायल करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। वहीं इसी मामले में जयराज पुरी के शिवम शुक्ला ने प्रदर्शी सिंह , विनीत निगम, विनय निगम और उनके अन्य सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवम शुक्ला के मुताबिक वह अधिवक्ता हैं। उनका कहना है कि वह अपने क्लाइंट सिद्धू के मामले में सरोजनी नगर थाने पर आए थे। उनका कहना है कि क्षेत्रीय होने के कारण वह मदद करना चाहते थे। इस पर प्रदर्शी सिंह, विनीत निगम, विनय निगम और उनके अन्य सहयोगियों ने मिलकर थाने के सामने लात घूसों से मारा पीटा। फिलहाल पुलिस तीनों पीड़ितों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पूरे मामले की जांच में जुटी गई है।

# कूड़ा फेंकने को लेकर मारपीट, पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह घरेलू कूड़ा फेंकने को लेकर हुई मामूली कहासुनी के बाद एक ही परिवार के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में बंथरा की रहने वाली महिला सरोज लता साहू ने अपने जेठ -जेठानी और उनके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोज लता साहू के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे उनके पति के बड़े भाई सुनील साहू, उनकी पत्नी राजकुमारी साहू और उनके पुत्र अभिषेक साहू और आशीष उर्फ हिमांशु साहू अचानक लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। हमले में उनके पति प्रमील कुमार साहू गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए, जबकि सरोज लता के सिर में भी चोट आई। पीड़िता का आरोप है कि आशीष द्वारा किए गए डंडे के वार से उनका हाथ भी टूट गया। पीड़िता का कहना है कि झगड़े का मुख्य कारण घर के सामने फेंका जाने वाला कूड़ा है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा चेतावनी दी जा चुकी है कि सुनील साहू यहां कूड़ा नहीं डालेंगे। लेकिन इसके बावजूद सुनील की पत्नी राजकुमारी साहू ने कूड़ा डालकर झगड़ा बढ़ा दिया। फिलहाल सरोज लता साहू की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला बदर के बावजूद गांव में मिला बदमाश तुलसी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

नगराम। जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी तुलसी को नगराम पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आरोपी छह माह के लिए जिला बदर घोषित होने के बावजूद अपने गांव में मौजूद मिला। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला बदर किया गया तुलसी अपने गांव देवती में छिपकर रह रहा सूचना पर उपनिरीक्षक चंद्रशेखर उपनिरीक्षक राकेश मिश्रा एवं पुलिस टीम ने समेसी बाजार में चेकिंग अभियान के बाद देवती गांव में दबिश दी पुलिस टीम ने गांव स्थित



भूइयां बाबा मंदिर के पास कंजी के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर सो रहे तुलसी को हिरासत में लिया पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम और पता सही बताया तलाशी के दौरान उसके पास से कोई अवैध वस्तु बरामद नहीं हुई पुलिस के अनुसार संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था), लखनऊ द्वारा 10 जून 2026 को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत तुलसी को छह माह के लिए जिला बदर किए जाने का आदेश जारी किया गया इसके बावजूद वह आदेश की अवहेलना करते हुए अपने गांव में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 10 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को भी दे दी गई।

## संक्षेप

### डीजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद, पुलिस की सूझबूझ से उजड़ने से बचा नवविवाहिता का घर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सराय सकहन गांव में एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब डीजे पर नाचने को लेकर बाराती और घराती आपस में भिड़ गए। यह बारात माखी थाना क्षेत्र के विधनू गांव से आई थी ।चर्चा है कि अगवानी के दौरान कुछ लोगों ने अत्यधिक नशा कर रखा था, जिसके चलते मामूली बात पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। हंगामा बढ़ते देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और अपनी कड़ी सुरक्षा के बीच जयमाल का कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराया ।जयमाल के बाद मामला शांत तो हो गया, लेकिन अंदरूनी नाराजगी के कारण वर पक्ष बिना दुल्हन को विदा कराए ही रात में चुपचाप वापस लौट गया। सुबह जब यह बात फैली, तो यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई ।मामला बिगड़ता देख पुलिस ने एक बार फिर सराहनीय सक्रियता दिखाई। पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों को बिठाकर समझाया-बुझाया और उनके बीच की गलतफहमियों को दूर किया। पुलिस की इस सूझबूझ से एक नवविवाहिता का घर उजड़ने से बच गया। अब दोनों परिवार आपसी सहमति से शादी की बची हुई रस्में पूरी कर रहे हैं।

### खतौनी में नाम दुरुस्त व त्रुटि पूर्ण अंश के हजारों वाद लंबित किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सरकार के द्वारा जहां किसानों को खाद लेने के लिए केवाईसी अनिवार्य कर दिया है वहीं हजारों किसान नाम दुरुस्त सहित अंश निर्धारण के लिए तहसील के चक्कर लगातार काट रहे हैं तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में प्रतिदिन सैकड़ो किसान खतौनी में आधार के अनुसार नाम दुरस्त करने के लिए सालों से चक्कर काट रहे हैं खतौनी में नाम आधार कार्ड के अनुसार नहीं दर्ज होने के कारण केवाईसी नहीं हो पा रही हैं वहीं दूसरी तरफ अंश निर्धारण में भी इतनी अनियमितताएं हैं कि हजारों किसान खतौनी में त्रुटि नाम सही कराने के लिए ऑनलाइन कर दिया है वहीं अंश निर्धारण के लिए भी आवेदन ऑनलाइन है ऑनलाइन होने के बाद भी सालों बीत गए हैं लेकिन लेखपाल व राजस्व निरीक्षक अंश निर्धारण व नाम दूरस्थ खतौनी में नहीं किया है खतौनी में नाम व अंश सही नहीं होने के कारण किसानों को भारी समस्याएं उत्पन्न हो रहे हैं लोगों का कहना है कि अधिकारियों से काम करा लेना फिर भी आसान है लेकिन तहसील में बैठे लेखपालों से काम कराना बहुत मुश्किल हो गया है भ्रष्टाचार चरम पर है बिना पैसे के सुनवाई नहीं हो रही है एक पुरानी कहावत है कि पहले जमाने में राम नाम से मुक्ति होती थी लेकिन कलयुग में तहसील बीघापुर में बिना पैसे के कोई काम नहीं होने वाला है

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए दूसरी बैठक आयोजित की गई। इसमें समिति के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों और युवाओं ने भाग लिया। बैठक में यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह बैठक राजधानी मार्ग स्थित मां बालेश्वरी स्मृति भवन, गिरधर ज्वेलर्स, नेहरू नगर में हुई। समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव दिए, जिन पर चर्चा की गई। इन सुझावों को यात्रा की व्यवस्थाओं में शामिल करने की योजना बनाई गई, ताकि रथ यात्रा शांतिपूर्ण और भव्य हो सके ।बैठक में रथ यात्रा में शामिल होने वाली झांकियों, ढोल-नगाड़ों और अन्य आकर्षणों पर भी बात हुई। समिति ने बताया कि शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, मां काली, हनुमान जी, गणेश जी, शिव सेना और भूत-प्रेत की झांकियां श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण होंगी। ये झांकियां और धार्मिक प्रस्तुतियां यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। नगर में दो रथ यात्राएं निकाले जाने की चचाओं पर समिति अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि गोपीनाथपुरम स्थित खाटू श्याम मंदिर में भगवान जगन्नाथ जी की प्रतिमा स्थापित है। रथ का पूजन और यात्रा का शुभारंभ इसी स्थान से होगा। यात्रा का मार्ग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही रहेगा ।रथ यात्रा गोपीनाथपुरम से शुरू होकर नेहरू नगर, राजधानी मार्ग होते हुए अंबिका प्रसाद स्कूल मोड़ से आगे बढ़ेगी। इसके बाद यह राज गोल्डी गुप्ता के कार्यालय के पास से होते हुए कैलाश वाटिका के सामने कंचन नगर मोड़, गुड्डन टावर के सामने से दुर्गा मंदिर की ओर जाएगी और फिर कोई रोड की तरफ प्रस्थान करेगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम होते हैं, जिससे भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी युवा मंडल को सौंपी गई है। युवाओं को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां पहले ही सौंप दी गई हैं। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश दीक्षित, कमल वर्मा, अंजलिया अग्निहोत्री, शिवाकांत मिश्रा, अरुण शुक्ला, रितेश मिश्रा, ओम नारायण मिश्रा, श्याम नारायण मिश्रा, अनुज तिवारी सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# कर्मचारी द्वारा लगाए गए आरोपों को एआरटीओ ने बताया निराधार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एआरटीओ कार्यालय में डेटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा लगाए गए आरोपों पर विभाग ने स्पष्टीकरण दिया है। एआरटीओ अधिकारी श्वेता वर्मा ने कर्मचारी शिव सिंह के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि शिव सिंह के खिलाफ नियम विरुद्ध कार्य और गलत स्क्रूटनी के कारण कार्रवाई की गई थी।

श्वेता वर्मा ने बताया कि डेटा एंट्री ऑपरेटर शिव सिंह कई मामलों में गलत स्क्रूटनी कर रहे थे। इस संबंध में उन्होंने संबंधित कंपनी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। उच्च अधिकारियों को भी इसकी प्रतिलिपि भेजी गई थी, जिसमें शिव सिंह को हटाने और उनके स्थान पर नए कर्मचारी की तैनाती की मांग की गई थी।

अधिकारी ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई से नाराज होकर कर्मचारी ने विभाग पर दबाव बनाने और उसकी छवि खराब करने के उद्देश्य से झूठे आरोप लगाए हैं। उन्होंने मेडिकल प्रमाण पत्रों में फजीवाड़े के आरोपों को भी खारिज किया। वर्मा ने स्पष्ट किया कि कार्यालय में मेडिकल प्रमाण पत्र की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। संबंधित डॉक्टर अपनी आईडी से मेडिकल जांच के बाद प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करते हैं, जिससे फजीवाड़े की कोई संभावना नहीं रहती ।मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों से जुड़े सवालों पर एआरटीओ ने बताया कि जिले में पांच स्कूल संचालित हैं। इनकी जांच समय-समय पर संभागीय निरीक्षक (आरआई) और उनके द्वारा की जाती है। व्यावसायिक लाइसेंस इन स्कूलों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों के आधार पर ही बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसी भी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने या नियम विरुद्ध कार्य करने की कोई शिकायत नहीं है।

एआरटीओ ने यह भी बताया कि डेटा एंट्री ऑपरेटर शिव सिंह इससे पहले लखनऊ में तैनात थे, जहां उनके खिलाफ कुछ शिकायतें थीं। इसके चलते उसे हटाया गया था। उन्नाव कार्यालय में आने के बाद भी उसके कार्यों में सुधार नहीं हुआ।

उन्होंने बताया कि पहले कर्मचारी को चेतावनी देकर कार्यशैली में सुधार करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं आया। इसके बाद विभागीय स्तर पर सख्त कदम उठाते हुए उसे हटाने की कार्रवाई की गई।

# विद्युत विभाग की अफसर शाही ने छीन लिया लाइनमैन के मुंह का निवाला

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। पवार हाउस भगवन्तनगर विद्युत उपकेंद्र में कार्यरत एक संविदा कर्मचारी ने विभाग पर बिना किसी पूर्व सूचना या कारण के नौकरी से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने अब प्रदेश के मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है। आदित्य दीक्षित जो कि वर्ष 2019 से विद्युत उपकेंद्र में संविदा कर्मी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि इतने वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा के बावजूद, विभाग ने अचानक उन्हें कार्य से मुक्त कर दिया। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान उन्हें न तो कोई लिखित नोटिस दिया गया और न ही हटाने का कोई स्पष्ट कारण बताया गया। विभाग की तानाशाही से पीड़ित होकर आदित्य दीक्षित ने आरोप लगाया है कि उन्हें हटाकर उनकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को तैनात कर दिया गया है। जब उन्होंने इस बदलाव के संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी चाही, तो उन्हें कोई उचित जवाब नहीं मिला। पीड़ित का कहना है कि उनकी मेहनत और वर्षों के अनुभव को नजरअंदाज कर नियमों को ताक पर रखा गया है। इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी दर्ज करा दी गई है पीड़ित के साथ हुए इस व्यवहार ने संविदा कर्मियों की नौकरी की सुरक्षा और विभाग की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं या फिर पीड़ित को न्याय के लिए और अधिक संघर्ष करना पड़ेगा।

# सड़कों से लेकर धार्मिक स्थलों पर किसान सुखा रहे फसल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में इन दिनों अपनी मक्का की फसल सुखाने के लिए किसानों को कोई सुलभ स्थान नहीं दिख रहा है जिससे अन्नदाता अधिकतर सड़कों से लेकर धार्मिक स्थलों व अन्य उपयोगी स्थानों पर फसल सुखाने में लगा हुआ है । बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के राजस्व विभाग के कागजों में भले ही सरकारी,गैर सरकारी,चरागाह,ग्राम समाज व अन्य तरह से जमीन की उपलब्धता हो किंतु वर्तमान समय मक्का किसानों को फसल सुखाने के कोई समुचित स्थान नहीं मिल पा रहा है जिससे सैकड़ो की संख्या में अन्नदाता क्षेत्र की तमाम सड़कों, निजी विद्यालयों ,धार्मिक स्थलों आदि जगहों पर फसल सुखाने को मजबूर है ।ज्ञात हो बांगरमऊ क्षेत्र से गुजरा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर गांव गहर पुरवा से लेकर गौरिया कला तक करीब 20 किलोमीटर के क्षेत्र में दर्जनों किसान डेरा डालकर फसल सुखाने की कवायद में लगे हुए है इसी तरह से अनेक स्थानों पर प्रधानमंत्री सड़कों पर भी फसल सुखाई जा रही है यही नहीं सड़कों पर भी जगह ना मिल पाने से अनेक किसान धार्मिक स्थलों के पास उपलब्ध स्थान पर भी फसल सुखाने को मजबूर है ।इसके अलावा मक्का की फसल सुखाने के लिए किसान घर की छतों व चबूतरे आदि का भी सहारा लेते दिखाई दे रहे है।

# तेज रफ्तार आटो रिक्शा पलटा मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ऑटो पलटने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मुस्तफाबाद खड़हरा गांव के बाहर हुआ। मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुरेश पुत्र स्वर्गीय राम भरोसे के रूप में हुई है, जो मुस्तफाबाद खड़हरा का निवासी था। सुरेश मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके दो छोटे बेटे हैं। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है और बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। जानकारी के अनुसार, सुरेश रोज की तरह मजदूरी का काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था। गांव के बाहर पहुंचते ही तेज रफ्तार ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया ।आसपास मौजूद लोगों ने उसे ऑटो से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलने पर हसनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ऑटो चालक और वाहन की स्थिति के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# पशुओं के गोडे में लगी आग सात भैंसे झुलसी

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के किलाबाजार मोहल्ले में सोमवार दोपहर पशुओं के गोड़े में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर सात भैंसें गंभीर रूप से झुलस गईं, जबकि ग्रामीणों और पशुपालकों की तत्परता से 13 अन्य भैंसों को सुरक्षित बचा लिया गया। सूचना पर एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा तथा राजस्व टीम मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया ।कस्बे के मोहल्ला गढ़ा-किलाबाजार निवासी मथुरा प्रसाद के पुत्र वीरेंद्र और रामेंद्र पशुपालन कर दुग्ध उत्पादन का कार्य करते हैं। दोनों भाइयों की 20 भैंसें घर के पास बने छप्परनुमा गोड़े में बंधी थीं। सोमवार सुबह पशुओं को चारा देने के बाद उन्हें गोड़े में बांध दिया गया था। दोपहर करीब 12 बजे अचानक छप्पर में आग लग गई और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं ।आग लगते ही परिजनों के होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निजी संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक सात भैंसें झुलस चुकी थीं ।पीड़ित रामेंद्र ने बताया कि झुलसे पशुओं के उपचार के लिए पशु चिकित्सा सहायता सेवा डायल-1962 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस और राजस्व विभाग को सूचना दी गई ।घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम शिवेंद्र वर्मा, कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा और लेखपाल विवेक सिंह मौके पर पहुंचे तथा नुकसान का आकलन किया। पशुपालक वीरेंद्र ने आशंका जताई कि गोड़े के ऊपर से गुजर रही विद्युत केबल में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और संबंधित केबल को हटवा दिया ।प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 1 लाख लोगों तक योग को पहुंचाने का डा. रचना सिंह ने लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जहां एक ओर शिक्षा के माध्यम से बच्चों को उनकी कक्षा के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कराने में जनपद की राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका एवं एस आर जी डॉ रचना सिंह पूरी तन्मयता से प्रयास कर रही हैं वहीं उन्होंने योग के माध्यम से बच्चों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रखने हेतु जनपद के ब्लॉकों से शिक्षकों का एक ग्रुप ₹योगपावर₹ बनाया है जिससे जुड़कर शिक्षक न केवल स्वयं योग से लाभान्वित हो रहे हैं बल्कि योग के गुर सीख अपने विद्यालय के बच्चों और अभिभावकों को भी योग से जोड़ रहे हैं। डॉ रचना सिंह ने बताया कि 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुनील कुमार विश्वकर्मा ,अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा ने योगपावर ग्रुप के ₹योग संकल्प हस्ताक्षर अभियान₹ में हस्ताक्षर कर योग को घर- घर तक पहुंचाने की मुहिम की शुरूआत की ।उन्होंने बताया कि पिछले 5 वर्षों से ये ग्रुप अनवरत योग के माध्यम से स्वस्थ भारत की दिशा में अपना योगदान दे रहा है। डॉ रचना सिंह ने बताया कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है ।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी स्वस्थ भारत,समृद्ध भारत का संदेश देते हैं जिसका अभिप्राय है जब लोग स्वस्थ होंगे तब देश अधिक समृद्ध और विकसित बनेगा और योग,व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली ही समृद्ध भारत की नींव है। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा ने डा. रचना सिंह के योग संकल्प हस्ताक्षर अभियान की सराहना करते हुए कहा कि योग अब केवल एक व्यक्तिगत जीवनशैली नहीं रह गया है बल्कि यह विश्व के लिए एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण और टिकाऊ भविष्य के निर्माण की



आवश्यकता बन चुका उन्होंने उन्नाव वासियों से इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए इस मुहिम से जुड़ने की अपील की डॉ रचना सिंह ने बताया कि योगपावर माननीय प्रधानमंत्री जी की इसी सोच को साकार करने के लिए धरातल पर कार्य कर रहा है ।उन्होंने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने इस वर्ष 1 लाख से अधिक लोगों को जागरूक कर इस मुहिम से जोड़ने का संकल्प लिया है चूंकि हमारे बच्चे ही भावी राष्ट्र के निर्माता है और विभाग द्वारा भी योग को नियमित गतिविधि के रूप में कराने के निर्देश दिए गए हैं इसलिए प्रार्थना समय में आसन, प्राणायाम से बच्चों को जोड़ा जा रहा है तथा निःशुल्क शिविर के माध्यम से योग को अभिभावकों तथा समुदाय तक पहुंचाया जा रहा है।

# पेपर लेस राजस्ट्री ईमेल ऑनलाइन व्यवस्था का जताया गया विरोध

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्यामलाल सोनी की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं, स्टाम्प वेण्डर तथा दस्तावेज लेखक तथा लिपिको के अनुरोध पर पेपर लेस रजिस्ट्री ईमेल और आनलाईन व्यवस्था का विरोध दर्ज कराने के लिए मीटिंग आहूत की गयी जिसमें आनलाईन व्यवस्था का विरोध करते हुए उत्पन्न होने वाली जीविका संकट का हवाला दिया गया और सरकार के इस कदम का विरोध किया और कहा यदि रजिस्ट्री कार्य निजी कम्पनी के माध्यम से संचालित किया गया तो बेरोजगारी का संकट उत्पन्न हो जायेगा। जिसके बाद सभी सदस्यों के विचार के बाद बारे एसोसिएशन उपरोक्त विषय का विरोध करते हुए सांकेतिक रूप से 22 व 23 जून को समस्त न्यायालयों एवं रजिस्ट्री आफिस में कार्य न करने का आवाहन किया जहां 24 जून को इसी विषय पर मीटिंग आहुत की गयी ।सभी अधिवक्ताओं ने नायाब तहसील दार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्यामलाल सोनी, महामंत्री सुमेर सिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव,संगठन मंत्री प्रतीक दुबे ,संयुक्त मंत्री रामनरेश रावत, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण गौतम सहित काफी अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# रोडवेज बस ने युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव ।अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव के पास कानपुर लखनऊ हाईवे पर एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने हाईवे पार कर रहे एक युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।यह घटना सोमवार दोपहर अजगैन कोतवाली क्षेत्र में बिचपरी गांव के पास हुई। किदवई नगर डिपो की एक अनियंत्रित रोडवेज बस ने अज्ञात युवक को उस समय टक्कर मारी जब वह हाईवे पार कर रहा था ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सीएचसी नवाबगंज भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।अजगैन कोतवाली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस को हाईवे से हटवाकर किनारे खड़ा करवा दिया।

# अनियंत्रित डीसीएम खाई में पलटी टला बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार डी सी एम अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जाकर पलट गई इस हादसे में चालक को मामूली चोट आई किंतु एक बड़ा हादसा टल गया। जनपद एटा के थाना दशरथपुर के गांव नगलारामसिंह निवासी चालक मंजीत कुमार 32 पुत्र विजय पाल सिंह दिल्ली से डीसीएम लेकर लखनऊ जा रहा था। तभी सोमवार की भोर पहर करीब 3 बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर थाना बेहटामुजावर के ग्राम रसूलपुर रूरी के निकट किसी तरह तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर लोहे की बैरीकेटिंग तोड़ते हुए खंती में जाकर पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुँची यूपीडा और पीआरवी पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त डीसीएम को बाहर निकाला और घायल चालक को मौके पर उपचारित किया ।

# निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा मजदूर जीने से नीचे गिरा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के चौधरी खेडा गांव निवासी ज्ञान प्रकाश पुत्र स्व लक्ष्मण प्रसाद 52 बुधवार मजदूरी करने के लिए लखनऊ गया था जहां वह एक निमार्णाधीन भवन में काम कर रहा था जहां शुक्रवार को जीने से नीचे उतर रहा था इसी बीच संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार की शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी मौत की खबर मिलते ही चीख-पुकार मच गयी परिजन शव लेकर गांव चले आए मृतक के छोटे भाई ज्ञान स्वरूप ने सोमवार पुलिस को सूचना दी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक की एक पुत्री रेशू पत्नी बिमला पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक के छोटे भाई की सूचना पर शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की बिधिक कारवाई की जायेगी।

## सम्पादकीय

# पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

देशभर में हाइवे का बेहतरीन जाल लगातार बिछाया जा रहा है। अब एक शहर से दूसरे शहर में जाना आसान हो गया है। कई हाइवेज पर औसत गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है। यानी 200 से 300 किलोमीटर तक का सफर ढाई से तीन घंटे में ही पूरा किया जा सकता है। यह नए भारत की बदलती तस्वीर है। हमारे एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विश्वविख्यात हो गए हैं। छोटे-छोटे शहरों में भी एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह लोगों को नए-नए अनुभव दे रहे हैं, लेकिन शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत ढांचा आज भी पुराने स्तर का ही है। एक शहर से दूसरे शहर में जाने के बाद सड़कों पर जाम, अनियंत्रित ट्रैफिक, फुटपाथों पर कब्जे और सड़कों के किनारे खड़ी रेहड़ियां ऐसा दृश्य उत्पन्न करती हैं कि 100 किलोमीटर की गति 10 किलोमीटर पर आकर ठहर जाती है। यह अनेक बार बड़े हादसों का कारण भी बनती हैं। सच्चाई यह है कि भारत के अधिकांश शहरों में पैदल चलना आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है। फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, और जहां है वहां अतिक्रमण, रेहड़ियां, अवैध पार्किंग या निर्माण सामग्री का कब्जा है। नतीजा यह होता है कि पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर होते हैं और तेज रफ्तार वाहनों के बीच उनका जीवन हर पल खतरे में रहता है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में पैदल चलने वाले और साइकिल सवार लोग अपनी जान गंवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को बुनियादी अधिकार बताया है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब इसका उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन होगा। अब देशभर के निकायों व नगर निगमों को पैदल चलने वालों और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से विचार करना होगा। हमारे हाइवे कितने ही अच्छे हो जाएं, लेकिन जब तक शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होगा, तब तक वह किसी भी रूप में लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों के लिए सड़कें बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन का अधिकार देना भी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत देने वाला है। क्योंकि पैदल चलने वालों में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार यही लोग होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में सड़क निर्माण की योजना बनाते समय सबसे कम ध्यान पैदल यात्रियों पर दिया जाता है। शहरों में फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कें तो बनती हैं, लेकिन फुटपाथों की हालत दयनीय रहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब जिम्मेदारी राज्य सरकारों, नगर निगमों और स्थानीय निकायों की है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाना, अवैध पार्किंग पर सख्ती करना, सुरक्षित पैदल पार पथ बनाना और सड़क निर्माण योजनाओं में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है। साथ ही नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने की मानसिकता छोड़नी होगी। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास को वास्तव में समावेशी बनाना है तो शहरों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए बनाना होगा। हाइवे पर दौड़ती तेज रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब शहर की गलियों और सड़कों पर एक आम नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक पैदल चल सके।

# योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश



अखिलेश आर्येन्दु

भारत सरकार ने योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

दुनियाभर में विकास की एक ऐसी दौड़ जारी है, जो कहां पहुंच कर खत्म होगी, किसी को नहीं मालूम। हर कोई विकास की इस अंधी दौड़ में आगे निकल जाना चाहता है। जो सबसे आगे रहेगा, उसकी ही मनमानी और धौंस चलेगी। अमेरिका इसकी मिसाल है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि विकास की यह दौड़ लोगों की जिंदगी से सहजता, सरलता, सौम्यता, सज्जनता, स्वच्छता और मानवीय आदर्शों को अलग कर रही है। न सेहत का ध्यान और न संयम का। यानी जीवन असंयम और बिगड़ी सेहत के नाम हो गया है। समय और संयम दोनों की कमी ऐसी हो गई है कि लोगों को अपने बारे में सोचने की फुसर्त नहीं मिल रही है। वहीं दकरोड़ों ऐसे लोग हैं जो विकास की दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन उन सभी जरूरी अभिक्रियाओं को भी कर रहे हैं जिससे जिंदगी एकांगी न हो जाए। यह स्थिति पच्चीस साल पहले दुनिया भर में दिखाई देती थी। लेकिन समय बदला और भारत में पतंजलि के योगदर्शन को व्यावहारिक बनाने का एक बड़ा नाम जुड़ गया। भारत सरकार ने भी योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है।

जब 2015 में 21 जून को भारत ने दुनिया को आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक या यौगिक विकास पर भी गौर करने के लिए प्रेरित किया, तो लोगों को महर्षि पतंजलि की धारा को आगे बढ़ाने वाले महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद, परमहंस स्वामी, महर्षि रमण और महर्षि अरविंद याद आ गए। यह एक तरह का दुनिया के दो सौ देशों में योग ध्यान के जरिए आध्यात्मिक पूंजी का निवेश जैसा था। दुनिया के सभी देशों ने भारत के इस आध्यात्मिक निवेश का दिल खोलकर स्वागत ही नहीं किया, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए खुद को तैयार किया और इसे सहज तरीके से स्वीकार भी कर लिया। पिछले बीस सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदला है, जिसमें योग ध्यान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जिस तरह दुनियाभर की सरकारें और कंपनियां भारत में पूंजी निवेश करने के लिए आगे आईं हैं, उसी तरह भारत द्वारा किए गए योग ध्यान की आध्यात्मिक पूंजी के निवेश से सेहत के मामले में फायदा लिया है। आज हम यदि यह कहें कि शायद ही दुनिया का कोई देश हो जो भारत के इस आध्यात्मिक पूंजी को अपने देश के लोगों की जिंदगी के खुशहाली की पूंजी न बनाया हो, तो अतिश्योक्ति नहीं माना जाएगा। भारत सनातन से आध्यात्मिक, धार्मिक (मजहबी नहीं) और विज्ञानपरक और मूल्यवान साहित्य के क्षेत्र में दुनियाभर में जाना जाता रहा है, लेकिन 21वीं सदी (पिछले 12 वर्षों में) भारत ने नए सिरे से जिस तरह से आध्यात्मिक, नैतिक, मानव मूल्यों, सर्वहितकारी विचारों और कार्यों को लेकर दुनियाभर में एक चिंतन पैदा किया उससे उसकी सनातन धारा फिर से अविचल गति से आगे बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में जहां आर्थिक विकास और प्रगति के लिए ही सभी तरह की कवायदें चल रही हैं, वहीं भारत में योग और वेद के जरिए दुनिया



को सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मकसद से सब को सुखी, निरोग और नैतिक बनाने के कार्य में आगे बढ़ रहा है। दस वर्ष पूर्व जब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से मनाने की घोषणा हुई थी, तब से लेकर अब तक योग ध्यान और भारत का अध्यात्म तत्व दुनिया के लिए वरदान बनकर उभरा है।

भारत दुनिया में अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान, अनुभव और कार्य के जरिए यह बताने और समझाने में लगा हुआ है कि महज भौतिक या आर्थिक उन्नति या आधुनिक विज्ञान की उन्नति से विश्व समाज में शांति, सौहार्द, न्याय, सहजता, पवित्रता, सुख, प्रेम, सत्य, अहिंसा और परमार्थ की अविरल धारा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसलिए योग ध्यान, जप, तप और ईश्वरीय ज्ञान उतना ही जरूरी है जितना कि आर्थिक, वैज्ञानिक और सामाजिक उन्नति करना। योग एक व्यक्ति से अनंत को साधने, संवारने और निर्माण का साधन है। यह साधन भी और साध्य भी है। यानी इसके जरिए हम जिस परा-अपरा शक्ति को हासिल करना चाहते हैं, वह शक्ति इससे ही सहज तरीके से हासिल की जा सकती है। 21 जून यानी योग दिवस दुनिया के हर व्यक्ति को याद दिलाता है कि जिंदगी के लिए धन, सम्पत्ति, रिश्ते-नाते और सभी तरह की भौतिक उन्नति जितनी जरूरी है। उतनी ही जरूरी है सेहत, शांति, प्रेम, अहिंसक स्वभाव, न्याय और सौहार्द के प्रति अनुराग और मानव मूल्य के साथ ही उस परा शक्ति से मिलन की जिज्ञासा, जिससे यह सारी कायनात संचालित है। दुनिया को अब यह समझ में आने लगा है कि योग ध्यान और भारतीय अध्यात्म से ही जीवन में असली सुख या आनंद हासिल किया जा सकता है। भारत ने योग ध्यान के जरिए दुनिया को यह याद दिलाने की कोशिश की है कि जिंदगी में यदि संतुलन, सच्चा सुख-आनंद और शांति को बनाए रखना है तो योग ध्यान का अभ्यास उतना ही जरूरी है जितना की जिंदा रहने के लिए शुद्ध भोजन, साफ जल का संतुलित इस्तेमाल और श्वास लेना। जाहिर तौर पर ऋषि पतंजलि ने योगदर्शन के जरिए जिंदगी को हर तरह से खुशहाल और शांतिमय बनाए रखने के जरूरी सूत्र, सिद्धांत और नियम बता दिए हैं, जो बेहद रोचक, तर्कपूर्ण और विज्ञानपरक हैं। जिस तरह से योग जन-गण-मन के जीवन का आंदोलन बन गया, वह किसी युगांतरकारी चमत्कार से कम नहीं है। यह किसी युग पुरुष के जरिए विश्व समाज और मानव जीवन का कल्याण करने की ऐसी अमर गाथा है जिसे भारत का जन मानस ही नहीं, बल्कि विश्व समाज भी स्वीकार करता है कि योग के जरिए उनकी जिंदगी में नई तरह की बहार आई है। यह कौन स्वीकार नहीं करेगा कि विश्व समाज को योगमय और आयुर्वेदमय बनाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव और बाल कृष्ण महाराज का सर्वाधिक योगदान है। दुनिया के दो सौ देशों में इस अनोखे और नियमबद्ध ज्ञान-विज्ञान को स्वामी ने अपने शिष्यों के जरिए दुनियाभर में पहुंचाने में जितना पुरुषार्थ किया है, वह अवर्णनीय है। यह है भारत की आध्यात्मिक विद्या या पूंजी का दुनियाभर में निवेश का परिणाम, जिससे दुनिया का हर व्यक्ति प्रभावित है और लाभ हासिल कर रहा है। योग दिवस हम सब को याद दिलाता है कि विकास की सरपट दौड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि आतंरिक विकास के लिए दौड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

## व्यक्तित्व


योगेंद्र माथुर



# बच्चों के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की सशक्त भूमिका

किसी भी देश के स्वस्थ विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसके लिए ऐसे नागरिक तैयार किए जाएं, जो लोकतांत्रिक समाज व मूल्यों में आस्था रखते हों और मानवीय उच्च संस्कारों से युक्त हों। ऐसे उच्च संस्कार युक्त नागरिकों का दैदिप्यमान व्यक्तित्व समाज व देश की पहचान को नई आभा प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता व पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण व भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के उजले चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश भविष्य को सुंदर व सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में सद साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता व गुरु के बाद पुस्तकें व सद साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों व अन्य पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं, जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास में सहायक बनती थी। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले व बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार व अहिंसा जैसे जैसे उदात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों व सिद्धांतों का महत्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। हमारे ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार व नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरदृष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म व नीति अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ वर्षों में स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होना चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्व काफी बढ़ जाता है। अब इसे दुर्भाग्य कहा जाए या विडंबना कि आज का बच्चा टेलीविजन व वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा पर्दा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गए हैं। वर्तमान में छोटे पर्दे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष व वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं। इससे कई सामाजिक व मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिन-ब-दिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे व मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता व संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता व सेक्स उन्हें न केवल लुभाने लगा है

## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित

दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं- कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित

प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राष्ट्र निर्माता के रूप में गृहणियों की भूमिका

जून 2026 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए गृहणियों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता कहना न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने सुनाया। दोनों न्यायाधीशों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गृहणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यह मामला वर्ष 2001 में पंजाब में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था। दुर्घटना में रेशमा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पति और बच्चों ने मुआवजे की मांग की थी। उच्च न्यायालय के बाद अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो महिला के परिजनों को न्याय मिला।

- वसुंधरा कश्यप, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### भारत का पक्ष



एवियन में जी- 7 समिट के दौरान मेरी कई उपयोगी बैठकें और बातचीत हुईं। मुझे गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष और प्रयास रखने का मौका मिला।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



डिफेंस सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' की मजबूत नींव सिर्फ बड़े हथियारों व प्लेटफार्म पर ही नही, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले अहम पुर्जों पर टिकी है। यंत्र इंडिया इन्हीं 'बुनियादी उत्पादों' के जरिए देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर आत्म निर्भरता के लक्ष्य को गति दे रहा है।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### बीजेपी सरकार की मंशा



बीजेपी सरकार की मंशा है कि करापुर की जमीन बिल्डरों को सौंपकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाए। करापुर के स्थानीय लोग अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आजाद मैदान आना चाहते थे, लेकिन उन्हे हिरासत में ले लिया गया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### निंदनीय हरकत



दूसरे राज्यों से अपराधियों को यूपी बुलाकर माहौल खराब करने की बीजेपी की हरकत बेहद निंदनीय है। सपा सांसद राजीव की कोशिशों से जनहित में "मऊ-आनंद विहार ट्रेन" शुरू की गई, लेकिन उद्घाटन के मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### भारत ने संरा में पाकिस्तान को 'भस्मासुर देश' दिया करार



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे 'भस्मासुर देश' करार दिया और कहा कि जब उसका 'अपना ही राक्षस उसे डसता है' तो वह हैरान रह जाता है। नयी दिल्ली ने बुधवार को यह बात इस्लामाबाद पर आतंकवादियों को ''पनाह देने, प्रशिक्षण देने और उनका इस्तेमाल करने'' का आरोप लगाते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कड़ी टिप्पणी तब की जब पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पर हुई

## ऑफ बीट

### सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है



आज इस बात के बहुत ज्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।

## संक्षेप

### नियमों का उलंघन करना पड़ा भारी,16 वाहन सीज, 1179 का हुआ चालान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने 1179 वाहनों का चालान करते हुए 16 वाहनों को सीज किया है ।कार्रवाई की जद में आए वाहनों के चालकों द्वारा बिना हेलमेट,ट्रिपल सवारी, मोडिफाइड साइलेंसर, चार पहिया वाहन में ब्लैक फिल्म हूटर सायरन आदि के लिए कार्यवाही की गई है ।यातायात प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### 24 घंटे में चोरी का ई-रिक्शा बरामद

**आरोपी गिरफ्तार, एसबीआई बैंक के पास से की थी चोरी**

अमेठी , पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधी धरपकड़ अभियान के तहत जायस पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चोरी के एक ई-रिक्शा का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी जान मोहम्मद को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया ई-रिक्शा यूपी 36 एटी 2183 बरामद कर लिया। क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने ई-रिक्शा चला रहे आरोपी जान मोहम्मद को रोका और उसे दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी जान मोहम्मद ने कबूल किया कि उसने यह ई-रिक्शा 19 जून को कस्बा जायस स्थित एसबीआई बैंक के पास से चुराया था। आरोपी जान मोहम्मद पुत्र सहामत, निवासी चकममहा मजरे बोझीभूलामऊ, थाना जायस का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 23 वर्ष है।पुलिस ने बरामद ई-रिक्शा संख्या यूपी 36 एटी 2183 को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में थाना जायस में मु0अ0सं0 86/26 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रजोल सिंह, हेड कांस्टेबल रमेश यादव, कांस्टेबल शैलेश यादव और रिक्रूट कांस्टेबल सौरभ राजपूत शामिल थे। पुलिस ने बताया कि जिले में वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### 2 माह से अनुपस्थित बेलदार को नोटिस जारी

**अमेठी में तुरंत ड्यूटी पर न लौटे तो होगी कार्रवाई**

अमेठी ,शारदा सहायक खंड-41, अमेठी ने दो माह से लगातार अनुपस्थित चल रहे बेलदार शिव बहादुर को नोटिस जारी किया है।

# ग्राम पंचायत भानपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

## भाजपा गोकुलपुर मण्डल ने दिया स्वस्थ भारत-सशक्त भारत का संदेश

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल



बहराइच। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गोकुलपुर मण्डल द्वारा ग्राम पंचायत भानपुर में भव्य योग शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता तथा भारतीय संस्कृति के गौरव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम के साथ हुआ उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर निरोग जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी पूर्व जिला महामंत्री ने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक पूर्ण जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है तथा व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के सैकड़ों देश योग दिवस मना रहे हैं। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि भारत की प्राचीन संस्कृति आज पूरे विश्व को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रही है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश कुमार पाठक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है भाजपा गोकुलपुर मण्डल महामंत्री गोपाल सिंह ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर योग, शिक्षा और राष्ट्र सेवा को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, रोजगार सेवक विनोद कुमार सिंह, भारत सिंह, उदय राज सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग करने की अपील किया।

# बाराबंकी में भीषण सड़क हादसा

## अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर/कैसरगंज/बहराइच। जरवल रोड थाना क्षेत्र के धनराजपुर मोड़ के पास सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान बुधाई पुत्र श्यामलाल (50 वर्ष), रामकिशुन पुत्र फकीरे (40 वर्ष) और राममिलन पुत्र फकीरे (25 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों मृतक थाना कैसरगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत भखरौली मुंगेशपुर के निवासी थे ।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि रामकिशुन और राममिलन सगे भाई थे, जबकि बुधाई उनके पड़ोसी थे। तीनों एक ही मोटरसाइकिल से बाराबंकी जिले में अपने एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे ।जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब सात बजे जब वे जरवल रोड थाना क्षेत्र के धनराजपुर मोड़ के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पुलिया से टकरा गई और गहरे खड्डे में जा गिरी ।हादसा इतना भयावह था कि बुधाई और राममिलन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रामकिशुन को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में बाइक के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है ।एक साथ तीन लोगों की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतकों के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

# भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत मे आज विशाल भंडारा

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। आठवें मंगलवार के पावन अवसर पर 23 जून दिन मंगलवार को दोपहर बाद राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ रुपईडीहा के तत्वाधान में साकेत नगर बाल हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है आपको बताते चलें आठवें मंगलवार विशाल भंडारे के आयोजन में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल( गोपाल जी) लखनऊ मुख्य अतिथि रहेंगे इसमें राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ रुपईडीहा कार्यक्रम के मुख्य संयोजक बलराम शुक्ल, जिला प्रभारी, आरती वर्मा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा काली प्रसाद गुप्ता जिला उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा नगर उपाध्यक्ष दीपक आर्या, जिला उपाध्यक्ष सीता गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पंकज त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष मुन्ना सोनी, नगर कोषाध्यक्ष गुड्डू अग्रवाल,शैलेश पाठक, कमलेश मिश्रा, आदि सभी आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा सम्मानित गणमान्य नागरिक के सहयोग से किया जा रहा है इस भंडारे को सभी जनपद बहराइच क्षेत्रवासियों नगर वासियों को आमंत्रित करते हुए भक्तगणों से राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा है इस माह के बजरंगबली का आठवां मंगलवार एवं आखिरी मंगलवार को भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें और राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ के सभी कार्यकताओं का उत्साह वर्धन बढ़ाने में सहयोग करें।

# 24 घंटे के भीतर चोरी का सनसनीखेज खुलासा

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, कीमती जेवरात बरामद

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद बहराइच में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत दरगाह शरीफ पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता, सक्रियता और अपराध नियंत्रण की मजबूत रणनीति का परिचय दिया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्र के कुशल पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी दरगाह शरीफ रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी की घटना का बेहद कम समय में सफल अनावरण कर दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस शानदार कार्यवाही से जहां पीड़ित परिवार को राहत मिली है, वहीं अपराधियों में खौफ और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है। दरगाह शरीफ पुलिस की इस सफलता की क्षेत्रभर में चर्चा हो रही है। सलारगंज निवासी शहजादुर्रहमान खां अपने परिवार के साथ जौनपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जब वह वापस लौटे तो उनकी पुत्री फिजा रहमान के कीमती गहने घर से गायब मिले। घटना की सूचना मिलते ही दरगाह शरीफ पुलिस हरकत में आई और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में चला ऑपरेशन

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार की गई मेहनत के बल पर घटना का खुलासा करते हुए महज कुछ ही घंटों में चोरी करने वाले दो अभियुक्तों तक पहुंच बनाई दो शातिर चोर गिरफ्तारपुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर गुल्लाबीर से दरगाह जाने वाले मार्ग पर स्थित अंडरपास के पास दबिश देकर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार राशिद पुत्र हलीम, निवासी वसीरगंज, जनपद बहराइच रिजवान उर्फ हरियरे बाबा पुत्र फरमानुल्लाह, निवासी सलारगंज, थाना दरगाह शरीफ, बहराइचचोरी के जेवरात बरामद गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी गए सभी प्रमुख जेवरात बरामद कर लिए, जिनमेंएक अदद गले का सेट मय कान की बाली एक अदद मांग टीकाएक जोड़ी हाथ के कंगन एक जोड़ी पायल शामिल हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की दरगाह शरीफ पुलिस की सराहनीय कार्यशैली क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में दरगाह शरीफ पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। अपराधियों पर कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के कारण थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। पुलिस की सक्रियता के चलते अपराधियों के हौसले पस्त हो रहे हैं ।इन पुलिसकर्मियों की मेहनत लाई रंग इस सफल ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीम उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार राय हेड कांस्टेबल राकेश कुमार हेड कांस्टेबल शशि कपूर रावकांस्टेबल अभय चौहानकी मेहनत, सतर्कता और समर्पण की भी जमकर सराहना की जा रही है।

# मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट, ताजिया मार्ग का किया गया गहन निरीक्षण

**थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने भारी पुलिस बल के साथ बढ़ौली गांव का किया भ्रमण**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना अध्यक्ष कैसरगंज राजकुमार पांडेय ने भारी पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ौली में ताजिया जुलूस के निर्धारित मार्ग का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा संभावित संवेदनशील स्थलों का बारीकी से जायजा लिया। थाना अध्यक्ष ने मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान एवं संबंधित जिम्मेदार लोगों को ताजिया मार्ग पर साफ-सफाई, जल निकासी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति का प्रतीक है तथा सभी लोगों को मिल-जुलकर इसे शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना चाहिए। निरीक्षण के दौरान राजकुमार पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि माहौल खराब करने, अफवाह फैलाने, दंगा-फसाद करने अथवा कराने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है ।उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस एवं प्रशासन की प्राथमिकता मोहर्रम पर्व को पूरी सुरक्षा और शांति के साथ संपन्न कराना है ।इस दौरान पुलिस बल ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

### पुलिस का संदेश

शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मोहर्रम पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैः थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडेय, कैसरगंज

# भीषण गर्मी और ग्रीष्मकालीन अवकाश के बीच भी शिक्षा की अलख जगा रहा ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल

**मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार

विनोद जायसवाल



बहराइच। जहां एक ओर भीषण गर्मी और ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते अधिकांश विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह से बंद हैं और कई शिक्षक एवं कर्मचारी अवकाश का आनंद लेने के लिए पर्यटन स्थलों की ओर रुख कर चुके हैं, वहीं दूसरी ओर ब्लू बेल्स मोंटेसरी स्कूल, ताजपुर शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों की पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में प्रभावित न हो, इसके लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी नियमित रूप से ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है तथा प्रत्येक शनिवार को ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है। स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, लंच बॉक्स, कॉपियां, पेंसिल, इरेजर एवं शार्पनर प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण का कार्य वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी आसिफ सिद्दीकी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक मुस्तकीम अहमद ने कहा कि शिक्षा किसी मौसम, परिस्थिति या अवकाश की मोहताज नहीं होती ।इस अवसर पर पत्रकार आसिफ सिद्दीकी ने विद्यालय की पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव होती है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा था। मेडल और पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत करने का संकल्प लिया कक्षा 1 प्रथम शालिनी चौहान द्वितीय पीहू वर्तिका सक्सेना कक्षा 2 प्रथम राजेंद्र चौहान द्वितीय हरिओम चौहान तृतीय सुनीता चौहान कक्षा 3 प्रथम अव्यांश प्रताप सिंह द्वितीय सिद्धि पाठक तृतीय गगन चौहान कक्षा 4 प्रथम अनन्या तिवारी द्वितीय सोनू मौर्या तृतीय अंशुमान सिंह मौर्या

कक्षा 5 प्रथम प्रतिभा मिश्रा द्वितीय जिशान अहमद तृतीय समा

कक्षा 6 प्रथम प्रशांत चौहान द्वितीय अभय मिश्रा तृतीय शिफा

कक्षा 7 प्रथम सोनी पुष्कर द्वितीय वैष्णवी तिवारी तृतीय साक्षी तिवारी

कक्षा 8 प्रथम झ अंश जायसवाल द्वितीय भोला चौहान तृतीय हरीशचंद्र मौर्य रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छठवीं मोहर्रम का जुलूस संपन्न

## पुलिस क्षेत्राधिकारी की निगरानी में शांतिपूर्ण माहौल में निकला जुलूस

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना हजूरपुर क्षेत्र के ग्राम भक्कड़वा में आयोजित छठवीं मोहर्रम का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन की सतर्क निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव के निर्देशन एवं निगरानी में प्रभारी निरीक्षक थाना हजूरपुर ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जुलूस मार्ग पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। छठवीं मोहर्रम के अवसर पर निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा और धार्मिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन लगातार जुलूस के साथ मौजूद रहा तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि मोहर्रम के सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ग्राम भक्कड़वा में छठवीं मोहर्रम का जुलूस सकुशल संपन्न होने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की। प्रशासन की सक्रियता और जनसहयोग के चलते कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। भारी पुलिस बल रहा तैनात, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंदमोहर्रम के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जुलूस के दौरान पुलिस बल पूरी तरह सक्रिय रहा और हर गतिविधि पर नजर बनाए रखी गई, जिससे कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

# नाली के पानी पर विवाद, महिला पर जानलेवा हमला

**सरिया से हमला से महिला की हालत गंभीर; पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, मांधाता कोतवाली क्षेत्र के खमपुर नारायनगंज गांव में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने एक महिला पर सरिया से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता कंचन के परिजनों के अनुसार, शाम विवाद के दौरान विपक्षी पक्ष के शिवा, श्रीजीत, सूरत और बच्चन सहित अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से हमला किया। इस हमले में कंचन के सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। उनकी बेटी के हाथ में भी चोट लगने की बात सामने आई है ।घटना के बाद परिजन घायल कंचन को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांधाता ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कंचन पिछले तीन दिनों से जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों के मुताबिक, उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

# मंदबुद्धि किशोरी से दुष्कर्म

## बिस्किट और 100 रुपए का लालच देकर अगवा किया, आरोपी फरार, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, कुंडा थाना क्षेत्र में एक मंदबुद्धि किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार है। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस में नामजद तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना कुंडा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता के भाई ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बहन मानसिक रूप से कमजोर है। बीते 13 जून की सुबह करीब नौ बजे वह घर से गोबर फेंकने के लिए बाहर निकली थी इसी दौरान गांव का ही एक युवक, जो रिश्ते में किशोरी का चाचा लगता है, उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों के अनुसार, आरोपी ने किशोरी को बिस्किट और 100 रुपये का लालच दिया। आरोपी किशोरी को अपनी गाड़ी में बैठाकर गांव के पास स्थित एक बाग में ले गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर चुप करा दिया। घटना के बाद किशोरी किसी तरह घर पहुंची और उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद जब परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे, तो उसने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। धमकी देने के बाद से आरोपी अपने घर छोड़कर फरार हो गया है। इस घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश है और स्थानीय लोग आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं ।पीड़िता के भाई की तहरीर के आधार पर कुंडा कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## संक्षेप

### युवक की दिल्ली में पिटाई, मौत

**शाहदरा रेलवे स्टेशन पर युवकों ने मारपीट की, सिर में चोट लगने से गई जान**

बागपत , दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर बागपत के खेकड़ा निवासी एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक दिल्ली मेट्रो में गार्ड के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान खेकड़ा निवासी पंकज धामा ( पुत्र राजेंद्र धामा ) के रूप में हुई है। वह दिल्ली मेट्रो में गार्ड की नौकरी करता था। शनिवार को वह अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए दिल्ली जा रहा था। शाहदरा रेलवे स्टेशन पर 5 से 6 अज्ञात युवकों ने पंकज पर हमला कर दिया और उसके साथ मारपीट की। इस हमले में पंकज के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पंकज की मौत की खबर खेकड़ा स्थित उसके घर पहुंचने पर परिवार में गम का माहौल है। परिजनों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### पैतृक जमीन बचाने को तहसील पहुंचे दो बुजुर्ग भाई

**बोले– ट्रैक्टर चलाकर कब्जे की कोशिश, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी**

बागपत तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने जमीन विवाद और बुजुर्गों की बेबसी दोनों को उजागर कर दिया। खेड़की गांव के दो बुजुर्ग भाइयों ने अपनी पैतृक कृषि भूमि पर जबरन कब्जे का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। उनका कहना है कि विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जा रही हैं।पिता की मौत के बाद से कर रहे थे खेतीखेड़की गांव निवासी रामनारायण और सत्यप्रकाश ने तहसील प्रशासन को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पिता का वर्ष 2008 में निधन हो गया था। इसके बाद से दोनों भाई हसनपुर जखेड़ा उर्फ चांदपुर क्षेत्र में स्थित अपनी हिस्सेदारी वाली कृषि भूमि पर खेती करते आ रहे हैं और लंबे समय से उसी जमीन पर उनका कब्जा और उपयोग बना हुआ है।पहले थाना दिवस में भी दे चुके थे शिकायतबुजुर्ग भाइयों ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्होंने इसी मामले को लेकर थाना दिवस में भी शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे दबंग पक्ष के हौसले और बढ़ गए।ट्रैक्टर चलाकर कब्जे की कोशिश का आरोपपीड़ितों के अनुसार, आरोपियों ने उनकी कृषि भूमि पर ट्रैक्टर चलाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। जब दोनों भाइयों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। जमीन छोड़ने का बना रहे दबाव रामनारायण और सत्यप्रकाश का कहना है कि उन पर लगातार पैतृक जमीन छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनकी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## दो वाहनों में हुई टक्कर आधा दर्जन से अधिक घायल

अमनलेखनी समाचार



अमौली फतेहपुर , जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे में स्थापित बलदेव पाठशाला इंटर कॉलेज के समीप जहानाबाद फतेहपुर मार्ग में एक बोलेरो गाड़ी तथा तीन पहिया ऑटो के बीच भीषण टक्कर हो गई हादसे में ऑटो गाड़ी में सवार 32 वर्षीय ललित पुत्र लालमन निवासी गांव सजेती थाना जनपद कानपुर नगर 38 वर्षीय शैलेंद्र पुत्र सरजू प्रसाद निवासी बम्हौरी थाना सजेती कानपुर नगर 30 वर्षीय शर्मिला पत्नी महेश 10 वर्षीय ईशानी पुत्री महेश रमईपुर जनपद बांदा 50 वर्षीय संजय पुत्र अशोक निवासी सैठी थाना चांदपुर तथा 31 वर्षीय विपिन निवासी औंरा निस्फी थाना चांदपुर समेत एक बुजुर्ग व्यक्ति 60 वर्षीय राम आसरे पुत्र गयादीन निवासी पैलानी डेरा जनपद बांदा बुरी तरह घायल हो गए इस घटना को देख आसपास के लोग दौड़ पड़े वही आनन फानन स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचना देते हुए प्रशासन की मदद से सभी को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली पहुंचाया चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सक डॉक्टर नवीन सिंह फार्मासिस्ट अनिल शुक्ला समेत सभी चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया वहीं हालात गंभीर देख सभी को फतेहपुर सदर हमीरपुर सदर तथा कानपुर हैलट के लिए उनकी सुविधानुसार रेफर कर दिया वही घायलों में बुजुर्ग राम आसरे तथा युवक ललित की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई यह सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं अमौली चौकी इंचार्ज अविनाश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त गाड़ियों को कब्जे में ले लिया गया है वहीं जांच के दौरान अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## किशोरी से रेप का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

### मुशर्रफ ने पुलिस पर फायरिंग की, दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी

अमनलेखनी समाचार



प्रयागराज , 14 साल की नाबालिग किशोरी से रेप करने वाले आरोपी मुशर्रफ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी थीं। पूरामुफ्ती इलाके में छापेमारी के दौरान पुलिस की घेराबंदी हुई तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी फायरिंग में मुशर्रफ के दोनों पैरों में गोली लगी और वह गिर गया। जख्मी हालत में पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य के मुताबिक, आरोपी ने अंधेरे में पुलिस पर फायरिंग की जिसके बाद पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ है। पूर्व मंत्री पहुंचे, वीडिया हुआ वायरल पूरामुफ्ती इलाके में हुई रेप की इस वारदात के बाद पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। इस बीच पूर्व मंत्री का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वे आरोपी को कड़ा सबक देने की वार्निंग दे रहे थे। वीडियो में पूर्व मंत्री व विधायक ने माफिया अतीक और अशरफ का भी जिक्र किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**जानिये रेप का क्या है मामला**

प्रयागराज में 14 साल की किशोरी से रेप का मामला सामने आया है। पान का कारोबार करने वाले युवक की 14 साल की बेटी को एक दबंग युवक मुंह दबाकर उठा ले गया। इसके बाद उसके साथ हैवानियत की। लड़की ने विरोध किया तो उसके पैर में जलती सिगरेट दाग दी रेप के बाद बदहवास लड़की को वह घर के पास फेंक कर निकल भागा। मामला सामने आने पर हंगामा मच गया।पुरा मामला पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

## खाली प्लॉट में जोरदार धमाका

**कूड़े के ढेर में लगी आग, कई मकानों के शीशे टूटे, पुलिस और फोरेंसिक टीमें जांच में जुटीं**

अमनलेखनी समाचार



मेरठ , समर गार्डन इलाके में दोपहर एक खाली प्लॉट में पड़े कूड़े के ढेर में हुए जोरदार धमाके से हड़कंप मच गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। धमाके के बाद कूड़े में आग लग गई, जिस पर पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से काबू पाया गया। फिलहाल पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी हैं। घटना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन स्थित 60 फुटा चौराहे के पास हुई। बताया गया कि नरहड़ा गांव निवासी ताहिर के खाली प्लॉट में लंबे समय से कूड़ा डाला जा रहा था। दोपहर अचानक कूड़े के ढेर से तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते आग लग गई। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास स्थित मकानों के शीशे भी क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी सूचना मिलते ही सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना, एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले, थाना पुलिस और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की सलाह दी गई। फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की जांच जारीधमाके की सूचना के बाद डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीमों ने घटनास्थल से जले हुए अवशेष और अन्य नमूने एकत्र किए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि धमाके के वास्तविक कारणों का पता जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।पुलिस बोली- प्रथम दृष्टया कूड़े में आग लगने का मामलासीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना ने बताया कि धमाके के कारणों की जांच की जा रही है ।

## हिस्ट्रीशीटर अमित मिरिंडा के घर पर चला बुलडोजर

### सेंट्रल मार्केट में शुरू हुआ सेटबैक एक्शन; एक्सईएन बोले- आगे कार्रवाई जारी रहेगी

अमनलेखनी समाचार



मेरठ , सुबह आवास विकास परिषद ने हिस्ट्रीशीटर अमित मिरिंडा के मकान पर बुलडोजर कार्रवाई की। शास्त्रीनगर के सेंट्रल मार्केट स्थित दो मंजिला मकान को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा।टीम ने सबसे पहले सेक्टर-9 स्थित पुनीत मिरिंडा के मकान पर कार्रवाई की, जिसके बाद अमित मिरिंडा समेत अन्य भवनों पर सेटबैक नियमों के उल्लंघन को लेकर बुलडोजर चला।दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध किया।सामान हटाने के लिए समय मांगा, लेकिन अधिकारियों ने मना कर दिया।यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद की जा रही है, जिसमें आवासीय परिसरों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होनी है।पहले हिस्ट्रीशीटर के मकान पर चला बुलडोजर सुबह करीब 11:30 बजे आवास विकास परिषद की टीम पीएसी और नौचंदी थाना पुलिस के साथ शास्त्रीनगर के सेंट्रल मार्केट पहुंची। टीम ने सेक्टर-9 स्थित हिस्ट्रीशीटर पुनीत मिरिंडा के मकान पर बुलडोजर चलाया। इसके बाद टीम ने अमित मिरिंडा के दो मंजिला मकान पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। अधिशासी अभियंता अभिषेक राज ने बताया कि फिलहाल एक टीम कार्रवाई में लगी है, जिसमें दो जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। अब तक 10 भवनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। आगे भी अन्य भवनों पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। दुकानदारों ने किया विरोध, समय देने की मांगध्वस्तीकरण के दौरान दुकानदारों और आवास विकास अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। दुकानदारों ने सामान हटाने के लिए कुछ समय देने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने साफ कहा कि पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है और अब अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने भी विरोध जताया। मेडिकल स्टोर संचालक मसरूर अली ने आरोप लगाया कि इलाके में कई बड़े कॉम्प्लेक्स संचालित हो रहे हैं, लेकिन कार्रवाई चुनिंदा लोगों पर ही की जा रही है। उनका कहना था कि यह भेदभावपूर्ण कार्रवाई है।सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हो रही कार्रवाई जानकारी के अनुसार सेंट्रल मार्केट के आवासीय भवनों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आवासीय परिसरों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई।

## फायर स्टेशन से हाईटेक एमडीटी उपकरण चोरी

**देहली गेट थाने से भी चंद कदम दूर हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी**

अमनलेखनी समाचार





मेरठ ,देहली गेट थाने और एसपी सिटी कार्यालय के पास स्थित घंटाघर अग्निशमन केंद्र से हाईटेक एमडीटी ( मोबाइल डेटा टर्मिनल ) उपकरण चोरी हो गया। इस घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अग्निशमन विभाग की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अग्निशमन अधिकारी आकाश चौहान ने बताया कि यह घटना 14 जून को ड्यूटी के दौरान हुई। कर्मचारी कुशेंद्र कुमार वॉचरूम पर तैनात थे। जब वह शौचालय गए, उसी दौरान स्टेशन परिसर में रखा एमडीटी उपकरण गायब हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। परिसर की तलाशी ली गई और आसपास पूछताछ की गई, लेकिन उपकरण का कोई सुराग नहीं मिला। विभाग की तहरीर पर देहली गेट थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।एमडीटी यानी मोबाइल डेटा टर्मिनल फायर ब्रिगेड के लिए एक महत्वपूर्ण डिजिटल उपकरण है। यह आग या अन्य आपातकालीन घटनाओं की सटीक लोकेशन, घटनास्थल तक पहुंचने का सबसे तेज मार्ग और अन्य आवश्यक जानकारी वास्तविक समय में उपलब्ध कराता है, जिससे दमकल वाहन तेजी से मौके पर पहुंच पाते हैं। जिस क्षेत्र में यह चोरी हुई है, वह अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। यहां पुलिस अधिकारियों का लगातार आना-जाना रहता है और देहली गेट थाना व एसपी सिटी कार्यालय भी पास में ही स्थित हैं।ऐसे सरकारी संस्थान से महत्वपूर्ण उपकरण की चोरी होना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाता है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चोरों की तलाश में जुटी है।

## नीट की तैयारी कर रहे छात्र का सुसाइड

### पढ़ाई के बाद सोने गया था, सुबह फंदे पर लटका मिला शव

अमनलेखनी समाचार



जतिन कुमार
मृतक

गाजियाबाद , विजयनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 में 22 साल के छात्र जतिन कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक जतिन कुमार पिछले कई वर्षों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई थी। वह 21 जून को होने वाली नीट पुनर्परीक्षा में भी शामिल होने वाला था। उसकी तैयारी कर रहा था। रात जतिन अपने कमरे में पढ़ाई करने गया था। सुबह जब परिजनों ने देखा, तो वह कमरे में फंदे से लटका मिला। पिता सहारनपुर में खाद्य विभाग में इंस्पेक्टर हैं जतिन के पिता राजेश कुमार खाद्य विभाग में इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में सहारनपुर में तैनात हैं। जतिन अपनी मां और छोटी बहन के साथ गाजियाबाद में रहता था। परिजनों ने बताया कि घर में उस पर पढ़ाई को लेकर किसी तरह का दबाव नहीं था। पुलिस को छात्र के मोबाइल फोन से करीब एक मिनट का एक वीडियो मिला है। इस वीडियो में जतिन ने कहा है कि वह यह कदम किसी के दबाव में नहीं उठा रहा है, बल्कि अपनी मर्जी से ऐसा कर रहा है। उसने वीडियो में यह भी बताया कि उसके पिता ने हमेशा उसका हौसला बढ़ाया और कहा था कि अगर नीट निकल जाए तो अच्छी बात है, नहीं निकले तो भी कोई समस्या नहीं है। वीडियो में जतिन ने यह भी कहा कि उसका सभी चीजों से मोह खत्म हो गया है।

एसीपी उपासना पाण्डेय ने बताया कि सुसाइड की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे गई थी। सुसाइड से पहले एक वीडियो भी बनाया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नीट पेपर लीक पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**कहा- छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा, पेपर लीक से सबसे ज्यादा अभिभावक प्रभावित हो रहे**

अमनलेखनी समाचार



मेरठ ,नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के मामलों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सरकार पर निशाना साधा। योगी जाटव ने कहा कि नीट पेपर लीक देश के छात्रों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला है। किसी भी सरकार को छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चे दो-तीन साल तक तैयारी करते हैं, लेकिन परीक्षा से पहले पेपर लीक हो जाता है। कई भर्ती परीक्षाओं में भी इसी तरह के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार छात्रों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी अभियान के तहत जिले के कांग्रेस पदाधिकारी भी छात्रों के बीच पहुंचेंगे। योगी जाटव ने बताया कि 21 जून को गौतम नगर में बहुजन स्वाभिमान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम और बाराबंकी सांसद एवं प्रदेश एससी विभाग अध्यक्ष तनुज पुनिया शामिल होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। दलित उत्पीड़न के मामलों पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश और देश में जहां भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलित समाज की आवाज उठाने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। होने वाली ठएएळ परीक्षा को लेकर पूछे गए सवाल पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। राहुल गांधी छात्रों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं और कांग्रेस उनके अधिकारों की लड़ाई आगे भी लड़ती रहेगी।कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव भाटी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले में छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच संवाद कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य पेपर लीक से प्रभावित छात्रों की समस्याओं को समझना और उनकी आवाज को मजबूती से उठाना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देशभर में छात्रों के साथ संवाद कर रहे हैं। ठएएळ और अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक के कारण लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। इसी क्रम में हर जिला मुख्यालय पर जिला और महानगर कांग्रेस कमेटियां मिलकर छात्रों और अभिभावकों से संवाद करने की रूपरेखा तैयार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पेपर लीक का सबसे ज्यादा असर छात्रों के माता-पिता पर पड़ता है। आज महंगाई के दौर में बच्चों को पढ़ाना आसान नहीं है। अभिभावक फीस, कोचिंग और अन्य खर्चों के लिए अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा खर्च करते हैं। छात्र वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा से पहले पेपर लीक हो जाने पर उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है।इससे छात्र और अभिभावक दोनों खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव भाटी ने कहा कि पेपर लीक का सबसे ज्यादा असर छात्रों के माता-पिता पर पड़ता है।

## मकान की छत पर लगी आग

**कपड़े और लकड़ी के सामान जले, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

अमनलेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के दादरी कस्बे में सुबह एक मकान की छत पर आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना दादरी कोतवाली क्षेत्र में स्थित हसीमुद्दीन के मकान की है। बताया जा रहा है कि मकान की छत पर पुराने टेंट के कपड़े, लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामान रखा हुआ था। सुबह पड़ोसियों ने छत से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं तो तुरंत लोगों को इसकी जानकारी दी। दूर-दूर तक दिखाई दीं आग की लपटें प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में लपटें काफी ऊंचाई तक पहुंच गईं। आग की लपटें दूर से दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग अपने घरों से बाल्टियां और पाइप लेकर मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। साथ ही दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। दमकल और लोगों की मदद से बुझी आगमौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

## क्रिप्टोकरेंसी दिलाने का झांसा देकर ठगी

### दो ठगों को किया गया गिरफ्तार, 11.49 लाख रुपए नकद बरामद

अमनलेखनी समाचार



नोएडा ,सेक्टर-20 थाना पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 11.49 लाख रुपये नकद, पीएनबी बैंक की चेकबुक, एक डेबिट कार्ड और आधार कार्ड बरामद किया गया है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पीड़ित सोनू ने थाने में शिकायत की थी उनके साथ इस तरह का फ्राड हुआ है। उनसे कुछ लोगों ने संपर्क किया और क्रिप्टो करेंसी दिलाने का लालच दिया। बातों में आने के बाद वे बताए गए स्थान पर 11 लाख 49 हजार रुपए लेकर गए। डील कार में की गई। बतों में फंसाकर ठगों ने उनसे पैसे ले लिए। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से सेक्टर-27 स्थित कैम्ब्रिज स्कूल के पास सर्विस रोड से उमेर खान और अनुराग पारासरी को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर 11 लाख 49 हजार 500 रुपये नकद मिले। साथ ही एक पीएनबी बैंक की चेकबुक, डेबिट कार्ड और आधार कार्ड भी बरामद हुआ। दोनों आरोपी ग्रेजुएट गिरफ्तार उमेर खान सेक्टर-50 का रहने वाला है और बीबीए स्नातक है, जबकि अनुराग पारासरी मूल रूप से बरेली के मीरगंज का निवासी है। वर्तमान में सेक्टर-128 में रहकर बीकॉम की पढ़ाई पूरी कर चुका है। पुलिस के अनुसार दोनों युवकों पर लोगों को क्रिप्टोकरेंसी दिलाने का झांसा देकर रकम हड़पने का आरोप है। दो अन्य की तलाश पूछताछ में सामने आया है कि इस नेटवर्क में दो अन्य लोग भी शामिल हैं।

## निवेश का झांसा देकर 29.75 लाख ठगे

### वाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा, युवक से अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराई रकम

अमनलेखनी समाचार



नोएडा, आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक युवक के साथ 29.75 लाख रुपए की ठगी की। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज की है। आरोप है कि ठगों ने वाट्सऐप ग्रुप और एक फर्जी निवेश ऐप के माध्यम से विश्वास जीतकर अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच करने में जुट गई है। सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी निवासी 23 साल के युवक विनायक पालीवाल ने बताया कि बीते साल दिसंबर में वाट्सऐप पर उन्हें एक ग्रुप में जोड़ा गया था। ग्रुप के एडमिन और अन्य सदस्यों ने खुद को निवेश विशेषज्ञ बताते हुए आईपीओ और शेयर बाजार में निवेश पर कम समय में अधिक लाभ का दावा किया। इसके बाद पीड़ित को एक एंड्रॉयड ऐप के बारे में जानकारी दी गई। मुनाफा बढ़ता देख लगाई रकमठगों ने दावा किया कि यह ऐप विशेष रूप से आईपीओ में निवेश कराने और बेहतर रिटर्न दिलाने के लिए बनाया गया है। शुरूआत में ऐप पर निवेश की रकम और मुनाफा बढ़ता हुआ दिखाया गया, जिससे पीड़ित का भरोसा बढ़ गया।

# मृतक की पत्नी का आरोप: अत्यधिक शराब पिलाकर पति को कुएं में धकेला

**तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा (झांसी)। कोतवाली गरौठा क्षेत्र के ग्राम निपान में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में उसकी पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक की पत्नी विनीता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 14 जून 2026 की रात करीब 8 बजे ग्राम निवासी गोलू और उसकी पत्नी गिरजा उसके पति तुलाराम को अपने साथ ले गए। आरोप है कि पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत इन लोगों ने तुलाराम को अत्यधिक शराब पिलाई, उनके साथ मारपीट की और ग्राम निवासी लल्लू के कहने पर गोलू एवं गिरजा ने उन्हें कुएं में धक्का दे दिया। महिला के अनुसार घटना की जानकारी मिलने पर उसके ससुर रामचरन ने तुलाराम को कुएं से बाहर निकाला और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरौठा तथा बाद में गुरसराय ले गए। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चलता रहा। लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न होने पर 21 जून 2026 को परिजन उन्हें वापस गरौठा लेकर आए, जहां कोतवाली के सामने उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता ने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर गोलू, गिरजा और लल्लू के विरुद्ध धारा 61(2), 115(2) एवं 105 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। >नोट: यह आरोप मृतक की पत्नी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर पर आधारित हैं। मामले की जांच जारी है और आरोपों की पुष्टि पुलिस विवेचना के बाद ही होगी।

# मौलवी खेड़ा क्रिकेट टूनामेंट में पहुंचे गणमान्य लोग, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**अमन लेखनी समाचार**

कासिमपुर। बेहंदर क्षेत्र के ग्राम मौलवी खेड़ा में आयोजित भव्य क्रिकेट टूनामेंट में सोमवार को क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख अब्दुल राफे, चंदा बैजा ग्राम प्रधान पप्पू यादव तथा भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सक्षम शुक्ला अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके खेल कौशल और अनुशासन की सराहना की। इस दौरान ग्राम प्रधान पप्पू यादव ने टूनामेंट के लिए 5100 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की, जबकि जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सक्षम शुक्ला ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए 1100 रुपये का सहयोग दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, प्रतिस्पर्धा और आपसी भाईचारे की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। टूनामेंट में खिलाड़ियों का उत्साह, समर्पण और खेल के प्रति लगाव देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल के मैदान में सौहार्द, भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना हमेशा बनी रहनी चाहिए।

# औद्योगिक क्षेत्र में भीषण आग, दो दुकानें जलकर राख, 10 लाख का नुकसान

**अमन लेखनी समाचार**



संडीला। मुरार नगर औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर एक चाय-समोसे की दुकान और एक किराना स्टोर पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में दोनों दुकानदारों को करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग एक दुकान से शुरू हुई और तेज हवाओं के कारण तेजी से फैलकर दूसरी दुकान तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के दौरान आसमान में धुएं का काला गुबार छा गया और आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों की तत्परता से आग को आसपास की अन्य दुकानों और प्रतिष्ठानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

पीड़ित किराना व्यापारी कन्हैयालाल ने बताया कि उनकी दुकान में रखा इनवर्टर, लैपटॉप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और किराने का पूरा स्टॉक आग में जल गया, जिससे उन्हें लगभग पांच लाख रुपये की क्षति हुई है। वहीं होटल संचालक महेश गुप्ता ने बताया कि उनकी दुकान में रखा डीप फ्रीजर, फ्रिज, फर्नीचर सहित अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया, जिससे करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहा है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है।

खास समाचार

# कचहरी परिसर में 12वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के तत्वाधान में प्रभारी जिला जज गोविंद मोहन के नेतृत्व में रविवार को कचहरी परिसर में अधिकारियों व कर्मचारीयों ने हर्षोल्लास पूर्वक 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम प्रभारी जिला जज गोविंद मोहन को पतंजलि टी-शर्ट, पतंजलि कैप, पतंजलि अंग वस्त्र तथा स्वामी बाबा रामदेव द्वारा रचित योगाभ्यास पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात मंत्र उच्चारण के साथ प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया तथा योग से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। सिविल जज सिनियर डिविजन डॉ रामेश्वर दयाल को तथा उपस्थित कर्मचारियों को पतंजलि कैप तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुरोध कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे, दयानंद मौर्य ने बहुत सुंदर योगगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्याभूषण मिश्रा महेंद्र कुमार, राजेश कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, अश्वनी, सुरेंद्र कुमार पाल, चंद्रसेन, शिशु कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में शांति पाठ के साथ योगाभ्यास संपन्न कराया गया।

# स्वयंसेवकों ने योग को दिनचर्या में शामिल करने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिनांक 21 जून 2026 को परिसर स्थित अंबेडकर भवन में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों शिक्षकों कर्मचारियों और गणमान्य लोगों ने योगाभ्यास किया। एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक एवं योग गुरु संजीव कुमार ने योग के महत्व को बताते हुए विभिन्न प्रकार के योग आसन एवं प्राणायाम कराया। इस दौरान सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका आदि का योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। नियमित योग अभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ एवं निरोगी जीवन जी सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटे लाल प्रसाद ने कहा कि योग हमारे निरोगी जीवन का मूल आधार है, इसे अपनाकर हम तन और मन को स्वस्थ बना सकते हैं। आज पूरी दुनिया में लोग योग को अपने दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं ताकि जीवन को स्वस्थ एवं निरोगी बना सकें साथ ही समाज को भी इसका संदेश दे सकें। समाजशास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय ने भी योग के महत्व को बदलते हुए कहा कि आज के जीवन शैली में योग अत्यंत आवश्यक हो गया है इसे अपने दिनचर्या में अपना कर हम स्वस्थ समाज की संकल्पना को साकार सकते हैं इसी को ध्यान में रखते हुए आज पूरी दुनिया में योग को अपनाया जा रहा है योगाभ्यास कार्यक्रम में डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय, अमरीश, अंजना पूर्ति, रोहित विश्वकर्मा, पूनम, खुशबू, खुशी सिंह, अनुराधा पाण्डेय आदि का विशेष योगदान रहा।

# कॉमन सर्विस सेंटरों पर पीएम किसान उत्सव दिवस का सफल आयोजन

**, किसानों ने देखा प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र- कृषि मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के क्रम में आज प्रदेश के कॉमन सर्विस सेंटर (उरउ) पर ₹पीएम किसान उत्सव दिवस₹ का व्यापक एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया, इसी क्रम में आज सोनभद्र जनपद के भी लगभग 500 सीएससी केंद्रों पर लाइव प्रसारण किया गया जिसमें लगभग 25000 किसानों ने प्रधानमंत्री जी का है उदबोधन सुना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित सीएससी केन्द्रों पर बड़ी संख्या में किसानों ने एकत्र होकर माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (ढट-ङकरअठ) की 23वीं किस्त जारी होने के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। इस अवसर पर प्रत्येक सीएससी केन्द्र पर किसानों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी के संबोधन का लाइव प्रसारण प्रदर्शित किया गया। सीएससी के जिलाप्रबंधक अभय कुमार गोंड ने बताया की इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय की संस्था भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों का जनपद में क्रियान्वयन करती है उसी क्रम में भारत सरकार के निर्देश के क्रम में आज ये सजीव प्रसारण जनपद के सभी न्यायपंचायत में करने का निर्देश प्राप्त हुआ था उसी क्रम में आज इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया, कार्यक्रम के उपरांत बड़ी संख्या में पात्र किसानों ने अपने बैंक खातों में प्राप्त सम्मान निधि की राशि का सीएससी की स्वयं का एप्लीकेशन डिजी पे वेब के माध्यम से सुगमता से निकासी भी किया। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित हुई तथा किसानों को बैंक शाखाओं में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। जिला प्रबन्धक अभय कुमार गोंड ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सीएससी केन्द्रों पर किसानों के साथ समूह फोटो एवं गतिविधियों का दस्तावेजीकरण कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्टिंग हेतु अपलोड किया गया सभी वीएलई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण भारत में डिजिटल सेवाओं, वित्तीय समावेशन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# बीजपुर पुलिस को बड़ी सफलता, टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर (सोनभद्र) वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीजपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए जिला स्तरीय टॉप-टेन अपराधी एवं आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिली है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), क्षेत्राधिकारी दुद्धी एवं थानाध्यक्ष बीजपुर के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दीना नाथ राम एवं आरक्षी हरिश्चंद्र ने रविवार सुबह ग्राम डोड़हर स्थित पंचायत भवन के पास से वांछित अभियुक्त राजू भारती पुत्र कृष्णकान्ति भारती (27 वर्ष) निवासी ग्राम डोड़हर, थाना बीजपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट दुद्धी में विचाराधीन मु0 नं0- 5040/16, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार अभियुक्त जिला स्तर की टॉप-टेन अपराधी सूची में भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।

# मोटकी मुकुट पहाड़ी कंकाल कांड का खुलासा : गमछे से घोंटकर की गई थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर (सोनभद्र) कुछ दिनों पूर्व बीजपुर थाना क्षेत्र स्थित मोटकी मुकुट पहाड़ी के जंगलों में मिले महिला के कंकाल की गुत्थी को सुलझाते हुए बीजपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल किया है। रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा भी बरामद किया गया है। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन में व थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बीजपुर पुलिस टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना म्योरपुर क्षेत्र के ग्राम छानी पाथर काचन निवासी विनोद कुमार गौड़ की पत्नी पार्वती देवी 10 मई 2026 को घर से म्योरपुर बाजार जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर उनका कोई पता नहीं चल सका। इसी दौरान मृतका की सास ने बताया कि उन्होंने गांव के ही लाले पनिका और सुरेश को मोटरसाइकिल पर पार्वती देवी को बैठाकर ले जाते हुए देखा था। परिजनों की तहरीर पर 29 मई को थाना म्योरपुर में गुमशुदगी दर्ज की गई। अगले ही दिन ग्रामीणों और परिजनों को सूचना मिली कि मोटकी मुकुट पहाड़ी, धरतीडाड़ के जंगलों में एक महिला का कंकाल पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचे पति और सास ने कंकाल के पास मिले कपड़ों एवं चप्पलों के आधार पर उसकी पहचान पार्वती देवी के रूप में किया। इसके बाद शव के अवशेषों का पोस्टमार्टम बीएचयू वाराणसी में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं विवेचना के आधार पर 20 जून को थाना बीजपुर में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार सुबह जरहा मंदिर मोड़ के पास से सुरेश पुत्र मानिकचंद्र (23 वर्ष), निवासी सिसवा झापर, थाना बभनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मटमैला-सफेद गमछा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है और जल्द ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी भानुप्रताप यादव, आरक्षी राहुल गोड़ एवं आरक्षी साहिल श्रीवास्तव शामिल रहे। बीजपुर पुलिस द्वारा किए गए इस खुलासे को क्षेत्र में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि जंगल में मिले कंकाल की पहचान से लेकर हत्यारे तक पहुंचने में पुलिस ने महत्वपूर्ण कड़ियों को जोड़ते हुए मामले का पदार्फाश किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : नियमित योग करने का दिलाया गया संकल्प

**-जीवन का आधार है योग: महेंद्र मौर्य।**

**-कैप, अंगवस्त्र, पतंजलि टीशर्ट, डायरी देकर किया गया सम्मानित।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य व दिव्य रूप से प्रोटोकॉल के तहत मनाया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्य व विशिष्ट अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा द्वारा शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मौर्य ने कहा कि योग जीवन का आधार है इसके बिना जीवन अधूरा है। योग प्रारंभ होने से पूर्व पतंजलि योग परिवार द्वारा उपस्थित सभी योग प्रेमियों को पतंजलि योग कैप देकर सम्मानित किया गया। कुशल मार्गदर्शक रमेश राम पाठक, प्रमुख योग शिक्षक ओम प्रकाश यादव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, विमला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव नारायण लाल श्रीवास्तव तथा पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, सोशल मीडिया राज्य प्रभारी बहन पल्लवी जी, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को कैप, अंग वस्त्र तथा पुस्तक भेट कर सम्मानित किया गया। प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव के द्वारा नियमित योग करने हेतु संकल्प दिलाया गया। पतंजलि परिवार की तरफ से सभी को पतंजलि बिस्किट का वितरण किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक शेषमणी तिवारी, अमरेश चंद त्रिपाठी, चंद्र बहादुर सिंह, किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, एसपी मेहता, विनोद कुमार मिश्रा, धनंजय कुमार मिश्रा, उमेश तिवारी, गोविंद नारायण सिंह, नागेंद्र नाथ चौबे, राजू सोनी, पुरुषोत्तम प्रजापति अशोक गुप्ता, रामसेवक पांडे, डॉक्टर मनोज चौधरी, रामबाबू, प्रेम प्रकाश शुक्ला, लक्ष्मी नारायण पांडे, गोपाल दास केसरी, पुरुषोत्तम, सतीश, हेमेंद्र दुबे, चंद्रकांत मिश्रा, रवि पांडेय, मुनी महेश शुक्ला, सुरेंद्र तिवारी, अमित कुमार मिश्रा, विद्या सागर तिवारी, सुबोध कुमार मिश्रा, सागर, कमलेश प्रसाद कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, कमलेश कुमार पांडेय, विवेक कुमार पांडेय, हृदय नारायण पाठक समेत सभी कक्षाओं के योग साधकों के साथ काफी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रबि प्रकाश त्रिपाठी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की ढेर सारी शुभकामनाओ के साथ नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया, तथा बतलाया कि जनपद सोनभद्र में योग प्रत्येक गांव के लगभग प्रत्येक घरों में पहुंच चुका है, जिसका सारा श्रेय सोनभद्र के सभी मीडिया भाइयों को जाता है।

# फर्जी बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़

**बिजनौर व लखनऊ के दो आरोपी गिरफ्तार, नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस**

**अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। साइबर और आर्थिक अपराधों पर शिकंजा कसते हुए गोरखपुर पुलिस ने एक ऐसे अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था। पुलिस ने इस गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इस कार्रवाई से ठगी के शिकार लोगों में उम्मीद जगी है और अपराधियों में हड़कंप मच गया है। एसपी सिटी निमिष पाटिल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गोरखनाथ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहित चावला निवासी बिजनौर और रोहित यादव निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया। पूछताछ और जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं, जो विभिन्न जिलों में जाकर खुद को बैंक अधिकारी या बैंक मैनेजर बताकर लोगों को ठगने का काम करते थे। गिरोह का मुख्य सरगना मोहित चावला गोरखपुर सहित अन्य शहरों में जाकर वारदात को अंजाम देता था और स्थानीय स्तर पर भी उसे सहयोग मिलता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी भोले-भाले लोगों को बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट (ऋऊ) कराने, अधिक ब्याज दिलाने या पुराने नोटों के बदले नए नोट उपलब्ध कराने का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे। इसी तरह एक व्यक्ति को निशाना बनाकर लाखों रुपये की ठगी की साजिश रची गई थी। पीड़ित की शिकायत पर थाना गोरखनाथ में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए हैं, जिनमें मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और संपर्क सूत्र शामिल हैं।

# बस्ती में 4 साल की बच्ची का अपहरण, कौशाम्बी का आरोपी बच्ची के साथ गिरफ्तार



**रिपोर्टर - इन्द्र भूषण चौबे**

कोतवाल मोतीचंद्र राजभर नें टीम के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस ने 4 साल की मासूम बच्ची का अपहरण करने वाले आरोपी को बच्ची के साथ किया गिरफ्तार। अभियुक्त के खिलाफ धारा-140(1) इठर में दर्ज हुआ था मुकदमा। पुलिस नें अभियुक्त जाकिर अली पुत्र जाबीर अली निवासी ग्राम असाढा, थाना पश्चिमी शरीरा, जनपद कौशाम्बी को किया गिरफ्तार। पुलिस ने अभियुक्त को बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के मुड़घाट कटरा तिराहा हाईवे से किया गिरफ्तार। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 वर्षीय अपहृता को सकुशल किया बरामद। सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया घटना का खुलासा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह चौकी प्रभारी बड़ेबन, हे0का0 शैलेश शर्मा, का0 राजू यादव और म0का0 पूजा यादव रही शामिल।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style



## निकिता
### कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजंर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



## अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किय गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।



## तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



## दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।



## भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

टीवी मसाला



## सांपों के स्टंट में रुबीना को देख चीखीं जैस्मीन-फरहाना

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे! शो के खतरनाक स्टंट में रुबीना दिलैक के गले में कई जहरीले सांप लिपटे नजर आए, जिसे देख जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीख पड़ीं। लेकिन बवाल सिर्फ प्रोमो तक ही नहीं है, ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो के टॉप 2 फाइनलिस्ट के नाम भी लीक हो गए हैं! प्रोमो में रुबीना के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है, वहीं उन्हें इस हालत में देखकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीखने लगीं। रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि रुबीना दिलैक एक बेहद मुश्किल स्टंट परफॉर्म कर रही हैं। इस स्टंट के दौरान उनके गले और पूरे शरीर पर कई खतरनाक सांप रेंग रहे हैं। वैसे तो रुबीना को बहुत हिम्मतवाली माना जाता है, लेकिन जब सांप उनके चेहरे के बिल्कुल करीब पहुंच गए, तो वह भी बुरी तरह घबरा गईं। सांपों के इस खतरनाक साये के बीच रुबीना खुद पर काबू रखने की पूरी कोशिश कर रही थीं, लेकिन उनका डर साफ नजर आ रहा था। रुबीना को इस तरह खतरों से खेलते देख बाकी कंटेस्टेंट्स की हालत खराब हो गई। खासकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट, जो वहां बैठकर यह स्टंट देख रही थीं, खुद को चीखने से नहीं रोक पाईं। डर के मारे दोनों की आंखें फटी की फटी रह गईं। प्रोमो में जैस्मीन और फरहाना जोर-जोर से रोते और चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार शो में खतरों का लेवल कितना ज्यादा बढ़ गया है।

### सीआईडी में लाश बनकर कमाए 3000 रुपए

**नई दिल्ली।** कभी पहचान बनाने के लिए उन्हें ऐसे किरदार भी निभाने पड़े, जिन पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। एक लोकप्रिय शो में वह



'लाश' बनकर घंटों बिना हिले-डुले पड़ी रहीं। सीन के दौरान कलाकार उनकी आंखें खोलकर जांचते थे और वह सब कुछ सहते हुए अपने सपनों को जिंदा रखे हुए थीं। बदले में मिलते थे सिर्फ 3000 रुपए। आज उनकी सफलता के पीछे छिपी यही अनकही कहानी लोगों का दिल छू रही है। 'बिग बॉस 16' और 'खतरों के खिलाड़ी 13' जैसे बड़े रियलिटी शोज से देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अर्चना गौतम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और अनफिल्टर्ड बयानों के लिए मशहूर अर्चना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय कियाँ। लेकिन, उनके लिए यह मुकाम हासिल करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' में बतौर खास मेहमान नजर आने वाली हैं। इस शो को राजीव खंडेलवाल होस्ट कर रहे हैं।

## 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट

**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था।

ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी





जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।

## सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।





हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आई रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।



### मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में

## काजोल से लेकर संजय तक ने साझा की फादर्स-डे पर खास पोस्ट

*'मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में' एक अज्ञात शायर की यह चंद पंक्तियां पिता के विराट अस्तित्व को बखूबी बयां करती हैं। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक ने फादर्स-डे सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर इस खास मौके पर कई सेलेब्स ने अपने पिता के लिए खास पोस्ट साझा की हैं। काजोल ने पिता और मां तनुजा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। फादर्स डे पर साझा की गई अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में वह लिखती हैं, 'पुरानी तस्वीरें देखते हुए यह अहसास होता है कि मेरी हंसी में आप आज भी कितने जिंदा हैं। आपकी हर दिन याद आती है, पापा। हैप्पी फादर्स डे।'*

**नई दिल्ली।** हुमा कुरैशी ने तो अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक इमोशनल कैप्शन भी वह लिखती हैं, 'बचपन में हमें लगता था कि हमारे पापा के पास हर सवाल का जवाब है। फिर हम बड़े हुए और हमें अहसास हुआ कि वे भी चीजों को समझने और संभालने की कोशिश कर रहे थे। ऐसी जिम्मेदारियां निभा रहे थे जिन्हें हम समझ नहीं पाते थे। ऐसे त्याग कर रहे थे जिनके बारे में उन्होंने कभी बात नहीं की। हर दिन डटे रहे, तब भी जब जिंदगी आसान नहीं थी। इस सफर में कहीं न कहीं, आप अपने पापा को सिर्फ एक पिता के तौर पर नहीं बल्कि उस



भूमिका के पीछे छिपे इंसान के तौर पर देखने लगते हैं। इससे सब कुछ बदल जाता है।'

ईशा देओल ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा, 'लव यू पापा।' पिछले साल दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हुआ था।

संजय दत्त ने भी अपने पिता सुनील दत्त को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है, इसके कैप्शन में वह लिखते हैं, 'पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको बहुत याद करता हूं। काश आप यहां होते, आप मेरी ताकत हैं और हमेशा रहेंगे।'

'पुष्पा' फिल्म फेम और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने पिता के नाम फादर्स डे पर एक प्यार भरा मैसेज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मेरे पिता ही मेरे भगवान हैं। वे ऐसे भगवान हैं जिन्हें मैं देख सकता हूं, जिनकी आवाज सुन सकता हूं, जिनसे बात कर सकता हूं और जिन्हें छू सकता हूं और उन्होंने ही मुझे जिंदगी में लगभग सब कुछ दिया है। मेरे पापा और दुनिया के सभी प्यारे पिताओं को 'हैप्पी फादर्स डे'।'

*राजपाल यादव ने भी अपनी बेटियों के साथ प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैंने जिंदगी में बहुत सारे किरदार निभाए हैं और आगे भी निभाता रहूंगा लेकिन 'पापा' का किरदार सबसे प्यारा, सबसे खास और हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'*

*अनन्या पांडे ने भी पिता चंकी पांडे के साथ एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। साथ ही लिखा है- हैप्पी फादर्स डे पापा।*

*करण देओल ने भी अपने पिता सनी देओल के नाम एक इमोशनल पोस्ट साझा की है। वह 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ अभिनय भी कर रहे हैं।*

*जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा ने भी फादर्स डे पर एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसमें जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और कृष्णा नजर आ रहे हैं।*